
RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www. bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर



"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 147 , शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



30 दिवसीय निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ, सीमावर्ती महिलाओं को मिलेगा ... 03



किसानों को कृषि फीडर से सुबह 6 से शाम 6 बजे तक मिलेगी निर्बाध बिजली 04

मालविका मोहनन का बोल्ड लुक देख फैंस हुए लट्टू, एक्ट्रेस ने बिकिनी में... 07

**संक्षिप्त समाचार**

## मैं सलमान खान, मैं राशिद, मैं असलम...

- तौबा-तौबा करते हुए पुलिस थाने पहुंचे 47 मुल्जिम

**सहारनपुर (एजेंसी)।** सहारनपुर के थाना चिलकाना क्षेत्र में गोकशी के मामलों में पहले संलिप्त रहे 47 आरोपी स्वेच्छा से थाने पहुंचे और भविष्य में अपराध की दुनिया से पूरी तरह दूरी बनाने का संकल्प लिया। इनमें ऐसे आरोपी भी शामिल रहे जिन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हो चुकी है। थाने पहुंचे सभी लोगों के हाथों में संदेश लिखी तख्तियां थीं। इन पर कानून का सम्मान करने, अपराध से दूर रहने और




ईमानदारी से जीवनयापन करने की बातें लिखी गई थीं। गौकशी मामले मे पुलिस की सख्ती होते देख 47 लोग थाने पहुंचे सभी लोगों के हाथों में संदेश लिखी तख्तियां थीं। इन पर कानून का सम्मान करने, अपराध से दूर रहने और ईमानदारी से जीवनयापन करने की बातें लिखी गई थीं। थाना परिसर में सभी ने पुलिस अधिकारियों के सामने शपथ लेते हुए कहा कि अब वे गोकशी या किसी भी गैरकानूनी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे से मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करेंगे और समाज के जिम्मेदार नागरिक के रूप में जीवन बिताएंगे।

## महाराष्ट्र में भी लागू होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड

- सीएम फड़नवीस ने बनाई सात सदस्यीय कमेटी

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में भी अब यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लागू करने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। राज्य की फड़नवीस सरकार ने इसको लेकर गुरुवार को 7 सदस्यों वाली एक कमेटी के गठन करने ऐलान किया है। कमेटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त जज रंजना देसाई करेंगी। विधानसभा को संबोधित करते



मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने बताया कि कमेटी के अन्य सदस्यों में हाई कोर्ट के पूर्व जज आर सी चव्हाण और एस जी मेहरे, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव डी के जैन, पूर्व एडवोकेट जनरल वीरेंद्र सराफ, संवैधानिक मामलों के जानकार रमेश पतंगे और शिक्षाविद सुवर्णा रावल शामिल हैं। सीएम देवेंद्र फड़नवीस कहा कि समिति से छह महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हम नागपुर में राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को पेश करने का प्रयास करेंगे।

## खाड़ी के कई देशों में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन अटैक

- ईरान का बड़ा दावा-मिसाइल सिस्टम और रडार को उड़ाया

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने बताया है कि उसने कतर, कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले किए हैं। ईरानी सेना के मुताबिक, हमलों में कुवैत के पैट्रियट मिसाइल सिस्टम, कतर के अर्ली वॉर्निंग सैटेलाइट एंटीना और बहरीन में अमेरिकी सेना के फ्यूल टैंक को निशाना बनाया गया। इन हमलों के लिए बड़ी संख्या में ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। इससे पहले



अमेरिका ने ईरान पर लगातार दूसरे दिन बड़े पैमाने पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने करीब 90 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया। इन हमलों से ईरान के अहवाज में 3 लोगों की मौत हुई है। ईरानी सेना ने कहा कि वह अमेरिकी हमलों का जवाब देती रहेगी। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान समझौता चाहता है, लेकिन उसे इस बात पर भरोसा नहीं कि तेहरान समझौते का पालन करेगा। अमेरिकी सेना ने मंगलवार देर रात ईरान के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की।

# 30 हजार भारतीयों के बीच पहुंचे मोदी

**भारतीयों से बोले-आपका शो हाउसफुल और ब्लॉकबस्टर**



**मेलबर्न (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय को संबोधित किया है। मेलबर्न में हुए इस कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज भी उनके साथ पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि वह मेलबर्न में भारतीय समुदाय के बीच आकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। भारतीय समुदाय ने जिस जोश और उत्साह का परिचय दिया है, वह वाकई बेमिसाल है। उन्होंने भारतीय समुदाय से कहा कि आप भारत-ऑस्ट्रेलिया दोस्ती के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक हैं। मेलबर्न में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं उस जमीन के पारंपरिक मालिकों को नमन करते हुए अपनी बात शुरू करना चाहता हूं, जहां हम मिल रहे हैं। यह कार्यक्रम हाउसफुल है। इससे पहले मैं आप सभी से सिडनी में दो बार मिल चुका हूं। मैं मेलबर्न के लोगों से मिलने का भी इंतजार कर रहा था। इसलिए इस बार मैंने सोचा कि मैं मेलबर्न के लोगों के साथ फ्लैट व्हाइट कॉफी पिऊंगा।

### भारतीय समुदाय में कमाल की एनर्जीःअल्बनीज

पीएम मोदी को सुनने के लिए पहुंचे करीब 30 हजार लोगों को संबोधित करते हुए अल्बनीज ने कहा कि उन्हें भारतीय समुदाय के बीच पहुंचकर खुशी हो रही है, जिसका देश की तरक्की में एक योगदान रहा है। अल्बानीज ने कहा, यहां जो एनर्जी महसूस हो रही है, वही ऑस्ट्रेलिया-भारत की साझेदारी को परिभाषित करती है। यह उत्साह और गतिशीलता ही दोनों देशों और लोगों के बीच सकारात्मकता और उम्मीदों को आगे बढ़ाती है। पीएम मोदी बुधवार को तीन दिन के दौरे पर ऑस्ट्रेलिया पहुंचे हैं। गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया और भारत ने कई अहम समझौतों का ऐलान किया है। दोनों देशों ने अपने रणनीतिक, आर्थिक और रक्षा संबंधों को बेहतर करने पर जोर दिया गहै हैं। रक्षा सहयोग के अलावा भारत ने ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम की आपूर्ति के लिए समझौता किया है।

**दुनिया की पहली बेसल इंसुलिन**

# भारत में हुई लॉन्च

- डायबिटीज मरीजों को हफ्ते में एक बार ही लगाना होगा इंजेक्शन, कीमत 2611 रुपए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डेनमार्क की दवा कंपनी नोवो नॉर्डिस्क ने बुधवार को भारत में इंसुलिन आइकोडेक लॉन्च की। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया की पहली सप्ताह में एक बार दी जाने वाली बेसल इंसुलिन है, जो टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज के वयस्क मरीजों के लिए है। इसके आने से रोजाना लगने वाले 365 इंसुलिन इंजेक्शन घटकर साल में 52 रह जाएंगे। कंपनी के मुताबिक, इसका उद्देश्य भारत में इंसुलिन शुरू करने में होने वाली देरी को कम करना है। नोवो नॉर्डिस्क का कहना है कि रोज



इंजेक्शन लगाने का डर मरीजों के बीच इंसुलिन थेरेपी शुरू करने में सबसे बड़ी बाधा है, जिसके कारण औसतन सात से नौ साल की देरी हो जाती है। कंपनी ने 700 यूनिट का पैक 2611 में लॉन्च किया है। यानी इसकी कीमत 3.73 प्रति यूनिट पड़ेगी, जो मौजूदा इंसुलिन की तुलना में कम है।

### पेन डिवाइस के जरिए सप्ताह में एक बार लगाया जाएगा

मुंबई के डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. राजीव कोविल ने कहा कि इंसुलिन की सबसे बड़ी खासियत इसकी प्रतिस्पर्धी कीमत है। उनके मुताबिक, यह मौजूदा दैनिक बेसल इंसुलिन के करीब है, जिससे यह तकनीक सिर्फ चुनिंदा लोगों तक सीमित नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि क्लिनिकल ट्रायल में इस दवा ने कई मामलों में दैनिक बेसल इंसुलिन के बराबर या उससे बेहतर ब्लड शुगर नियंत्रण दिखाया है। भारत में करीब 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं, जबकि 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज की स्थिति में हैं।

## ममता बनर्जी को कलकत्ता हाईकोर्ट से मिल गई राहत

- टीएमसी के फ्रीज बैंक अकाउंट से पैसे निकालने की मिल गई मंजूरी

**कोलकाता (एजेंसी)।** कलकत्ता हाई कोर्ट से ममता बनर्जी के गुट को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने गुरुवार को टीएमसी के रोजाना खर्चों को संभालने के



लिए पार्टी के फ्रीज किए गए 3 बैंक खातों से पैसे निकालने के लिए अनुमति दे दी है। अदालत ने इसके लिए एक स्पेशल ऑफिसर नियुक्त किया है। 18 जून को बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने तीनों बैंक खातों को फ्रीज कर दिया था। आरोप लगा था कि ये तीनों खाते अपराध से मिली रकम रखने की जगह थे। अदालत ने कलकत्ता हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज सुब्रत तालुकदार को 30 सितंबर, 2026 तक ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट के रोजाना के खर्चों को चलाने के लिए स्पेशल ऑफीसर नियुक्त किया।

**बिहार में 'रफ्तार' की नई क्रांति का ऐलान**

## मात्र 60 मिनट में पटना से पहुंचें मुजफ्फरपुर

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में हाई-स्पीड पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सपना जल्द हकीकत बन सकता है। राज्य सरकार ने पटना को चार बड़े शहरों से रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के जरिए जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। परियोजना पूरी होने के बाद राजधानी से मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर और आरा तक का सफर पहले के मुकाबले काफी तेज और आरामदायक हो जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई बिहार कैबिनेट



की बैठक में चार रैपिड ट्रांजिट कॉरिडोर की विस्तृत योजना तैयार कराने को मंजूरी दी गई है।

### इन चार रूटों पर दौड़ेगी रैपिड ट्रेन

बिहार सरकार जिन कॉरिडोर पर काम शुरू करने जा रही है, उनमें शामिल हैं—पटना-गया, पटना-भागलपुर, पटना-सोनपुर-मुजफ्फरपुर, पटना-आरा। इन रूटों के विकसित होने से लाखों यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई रफ्तार मिलेगी।

## 2027 में नीट परीक्षा मात्र 6 दिन चलेगी

- कम्प्यूटर बेस्ड होगी, 1000 से ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2027 में कम से कम छह दिन चलेगी। यह पूरी तरह कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड में कराई जाएगी। परीक्षा के लिए देश भर में



1 हजार से ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। नीट पेपर लीक विवाद के बाद यह बदलाव किए जा रहे हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट आयोजित करता है। अभी तक यह परीक्षा पेन-पेपर मोड में होती रही है। नीट यूजी में हर साल करीब 25 लाख कैंडिडेट्स हिस्सा लेते हैं। एनटीए ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि परीक्षा की नई योजना अभी तैयार की जा रही है। इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई की तरह नीट भी अलग-अलग दिनों में आयोजित होगी। **नीट** में यह बदलाव 2024 में पेपर लीक और अन्य गड़बड़ियों के विवाद के बाद सामने आया है। इसके बाद केंद्र सरकार ने घोषणा की थी कि नीट यूजी अब पेन-पेपर की बजाय सीबीटी मोड में कराई जाएगी।

# भारी बारिश का आतंक, जीना हुआ मुहाल

- *ढहीं इमारतें, उत्तराखंड से गुजरात तक आफत की बारिश*
- *दिल्ली से एमपी, महाराष्ट्र तक भारी बारिश ने ढाया कहर*



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली, मुंबई, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल और हिमाचल प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में भारी बारिश का कहर जारी है। भारी बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव, बाढ़ भूस्खलन और यातायात बाधित होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मंगलवार से दिल्ली-एनसीआर में बारिश का सिलसिला जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने 17 राज्यों में भीषण बारिश के साथ आंधी और तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र के रायगढ़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें 3 हजार एलपीजी सिलेंडर पातालगंगा नदी में बहते हुए दिखाए दे रहे हैं। यह वीडियो रायगढ़ में पातालगंगा एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का है। अधिकारियों के अनुसार, प्लांट की दीवार गिर गई। इसके बाद बाढ़ का पानी सीधे प्लांट के अंदर घुस गया और इसके कारण हजारों सिलिंडर बहकर पातालगंगा नदी और खारपाड़ा क्रीक में चले गए। महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ में कचरे का बड़ा ढेर गिरने से एक तीन मंजिला इमारत ढह गई, जिसमें 16 लोगों के फंसे होने की आशंका जताई गई है। राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने और फंसे लोगों को निकालने में जुटे हैं। महाराष्ट्र में लगातार बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और कई स्थानों पर जलभराव तथा भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। नासिक में गोदावरी नदी उफान पर है। वहीं, मुंबई में भारी बारिश के कारण लोकल ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं।

### मध्य प्रदेश में झमाझम

बीते बुधवार को मध्य प्रदेश के 27 जिलों में भारी बारिश हुई। सबसे ज्यादा दमोह में 1.75 इंच बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण नदियों के जलस्तर बढ़ने लगे हैं। इस बीच खरगोन में रूपारेल नदी के



तेज बहाव में एक युवक बह गया। उत्तराखंड में भी भारी बारिश का कहर जारी है। पहाड़ से लेकर मैदान तक बुधवार को भारी बारिश हुई। उत्तरकाशी में नालूपानी और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। वहीं, टिहरी में बुधवार को एनएच-707ए पर दुकानों के पास लैंडस्लाइड में एक मकान गिर गया।

# आंध्र प्रदेश में कोरोना से एक व्यक्ति की मौत

- 4 दिन इलाज चला, दोनों फेफड़े खराब हो गए थे
- दो जिलों में 5 पॉजीटिव केस मिले, सरकार सतर्क

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा में 46 साल के एक व्यक्ति की कोविड-19 से मौत हो गई। व्यक्ति को पिछले महीने 24 जून को वेल्लोर के सीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में उसे निमोनिया पाया गया। कोविड की आशंका पर 26 जून को टेस्ट किया गया, जिसमें रिपोर्ट पॉजिटिव आई। जांच में पता चला कि उसके दोनों फेफड़े गंभीर रूप से संक्रमित होकर निमोनिया की चपेट में आ गए थे। इलाज के दौरान 28 जून को उसकी मौत हो गई। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रवि बाबू ने बताया कि मृतक शराब पीता था। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मृतक को सांस फूलने और खांसी की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया था। मृतक के संपर्क में आए लोगों की पहचान कर उनकी ट्रेसिंग भी




की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने इलाके में सैनिटाइजेशन भी शुरू कर दिया है।

### कडप्पा और तिरुपति में 5 नए पॉजिटिव केस मिले

कोरोना से मौत के बाद राज्यभर में समीक्षा कराई गई। इस दौरान कडप्पा और तिरुपति जिलों में 5 और पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टर ने राज्य के सरकारी अस्पतालों से आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, दवाइयों, रैपिड टेस्ट किट, एंबुलेंस और मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता का ब्यौरा मांगा है। कोरोना वायरस का पहला मामला दिसंबर 2019 में चीन के वुहान शहर में सामने आया। शुरुआत में इसे अज्ञात कारणों वाले निमोनिया के मामलों के रूप में देखा गया। बाद में वैज्ञानिकों ने इसे नए कोरोना वायरस के रूप में पहचाना। डब्ल्यूएचओ ने 11 मार्च 2020 को इसे वैश्विक महामारी घोषित किया। भारत में पहला कोविड-19 मरीज 30 जनवरी 2020 को मिला था। यह केरल के त्रिशूर की एक मेडिकल छात्रा थी, जो वुहान (चीन) से पढ़ाई करके लौटी थी। इसके बाद फरवरी में केरल में दो और मामले सामने आए और मार्च से संक्रमण देश के दूसरे राज्यों में फैलने लगा। संक्रमण तेजी से बढ़ने के बाद भारत सरकार ने 25 मार्च 2020 से देशव्यापी लॉकडाउन लागू किया।

## यूएनएससी चुनाव में जर्मनी की हार भारत के लिए चेतावनी

- स्थायी सीट की राह में बड़ा रोड़ा, जी 4 बन रहा गले की फांस

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अस्थायी सीट के लिए पिछले महीने हुए चुनाव में जर्मनी की अप्रत्याशित हार ने भारत को अलर्ट मोड में ला दिया है। यूरोप के खाते की दो सीटों के लिए हुई दौड़ में जर्मनी अपने लिए जगह बनाने में नाकाम रहा। उसे पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा। यूएनएससी के चुनाव में जर्मनी की पहली हार है और इसका असर भारत के साथ बहुत गहरे से जुड़ा हुआ है। इसी जून महीने में हुए चुनाव में पुर्तगाल को 134 और ऑस्ट्रिया को



131 वोट मिले थे। वहीं, जर्मनी को केवल 104 वोट मिले। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रति रह चुके पूर्व राजनयिक टीएस तिरुमूर्ति जर्मनी की हार की प्रमुख वजह इजरायल के लिए बर्लिन का बिना सोच-समझे समर्थन करने को बताते हैं। लेकिन वह इसके पीछे चीन और रूस की भूमिका पर भी जोर देते हैं। तिरुमूर्ति ने कहा कि जर्मनी ने चीन और रूस के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया था।

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में किराना दुकानदार के घर बमबाजी, 2 जिंदा बम मिले, पुराने विवाद की जांच शुरू

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के सदर थाना क्षेत्र के मदारपुर में देर रात एक किराना दुकानदार के घर पर बदमाशों ने बमबाजी की। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। हालांकि, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। स्थानीय निवासी उदय मिश्रा ने बताया कि देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच उनके दरवाजे पर चार बम फेंके गए। उन्होंने शुरुआत में इसे ट्रक के टायर फटने या पटाखों की आवाज समझा। सुबह देखने पर सुतली, शीशे और फूल के पौधे बिखरे मिले। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से दो विस्फोटित बमों के अवशेष और दो जिंदा बम बरामद किए हैं। बरामद जिंदा बमों को निष्क्रिय करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जांच के लिए एफएसएल टीम और बम स्क्वायड को भी बुलाया गया है। सदर एसडीपीओ-1 सुबोध कुमार ने बताया कि उदय मिश्रा ने अपने परिसर में सुतली बम मिलने और रात में आवाज आने की सूचना दी थी। उन्होंने पुष्टि की कि घटनास्थल से दो सुतली बम बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ ने यह भी बताया कि इस मामले में पहले से विवाद चला आ रहा है। उदय मिश्रा के बेटे पर तीन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को घर में लगा सीसीटीवी कैमरा भी क्षतिग्रस्त मिला है, जिसमें छेड़छाड़ की आशंका जताई जा रही है। पुलिस इस पहलू पर भी जांच कर रही है। उदय मिश्रा ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। उन्होंने एसपी और डीएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई और इलाके में अवैध सामान व नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री पर चिंता व्यक्त की। पुलिस ने घरवालों से विस्तृत पूछताछ की है और मामले से जुड़े साक्ष्य इकट्ठा किए हैं।

### युवक के सिर में गोली मारकर हत्या, परिजन ने ठेकेदार पर लगाया आरोप

**हाजीपुर**। वैशाली के गोरौल थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना वसीपुर कटरमाला गांव में हुई। मृतक की पहचान वसीपुर गांव निवासी नगीना सिंह के बेटे अमित कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। परिजन के अनुसार, अमित का गांव के एक ठेकेदार से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते अमित को घर से बाहर बुलाया गया, जहां पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने उसके सिर में गोली मार दी। गोली लगने से अमित की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी



मिलते ही वैशाली के एसपी शुभांक मिश्रा स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। गोरौल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तत्काल छापेमारी शुरू कर दी है। मृतक अमित के पिता ने गांव के ठेकेदार आशुतोष पर हत्या कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों के आरोपों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी के निर्देश पर संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है ताकि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। यह हत्या पैसों के विवाद के कारण हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसका खुलासा जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हो पाएगा। एहतियात के तौर पर पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### अमृता मौत मिस्ट्री-बीडीओ पति को जेल

**मुजफ्फरपुर**। दरभंगा के जाले प्रखंड के BDO मनोज कुमार की पत्नी अमृता कुमारी की मौत मामले में मनोज कुमार की दरोगा प्रेमिका अन्नू को पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया गया है। अनु कुमारी से पूछताछ के बाद मिठनपुरा थाना पुलिस अब अमृता के गायब दो मोबाइल फोन, एक टैबलेट और एक लैपटॉप की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस का मानना है कि इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में मामले से जुड़े कई अहम साक्ष्य मिल सकते हैं। बुधवार को गिरफ्तार BDO मनोज कुमार और महिला दरोगा अनु कुमारी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने BDO मनोज कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया, जबकि अनु कुमारी को पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया। बताया जाता है कि अन्नू कुमारी और अमृता क्लासमेट थीं। जांच के दौरान पुलिस ने BDO मनोज कुमार और दरोगा अनु कुमारी को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की। शुरुआत में दोनों कई सवालों को टाल गए, लेकिन जब पुलिस ने मोबाइल टावर लोकेशन, चैटिंग रिकॉर्ड और दोनों की तस्वीरें सामने रखीं तो दोनों ने अफेयर की बात स्वीकार कर ली। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि पूछताछ से पहले महिला दारोगा ने अपने मोबाइल से कुछ डिजिटल सबूत डिलीट करने की भी कोशिश की थी। फिलहाल दोनों के मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। 6 साल से चल रहा था अफेयर अमृता के भाई राजकुमार ने एफआईआर में आरोप लगाया है कि अनु से प्रेम संबंध का विरोध करने के कारण मनोज उसकी बहन को प्रताड़ित करता था। दहेज और प्रेम संबंध के विरोध के कारण ही जहर देकर अमृता की हत्या की गई। राजकुमार ने अपनी शिकायत में मनोज के साथ अनु और अमृता के ससुर, सास, देवर और ननद को भी आरोपित बनाया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि जिस दिन BDO मनोज की पत्नी अमृता की मौत हुई थी उस दिन मनोज और अनु पटना में मिले थे। अनु दरभंगा में यूनिवर्सिटी एग्जाम देकर पटना गई थी और BDO मनोज ट्रेनिंग को लेकर पटना में ही था। अमृता को दोनों की ओर से वीडियो कॉल करने की भी बात सामने आई है। अनु और अमृता कॉलेज फ्रेंड थीं जबकि मनोज और अनु के बीच नौकरी की तैयारी वाली कोचिंग के क्लास में मुजफ्फरपुर में दोस्ती हुई थी।

### 'शादी सिर्फ सहेली से करूंगी', हाईटेंशन टावर पर चढ़ी युवती

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में अपनी सहेली से शादी की जिद में एक युवती 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन टावर पर चढ़ गई। 19 साल की बबीता कुमारी का कहना है, 'मैं शादी करूंगी तो सिर्फ अपनी सहेली से, नहीं तो टावर से कूदकर जान दे दूंगी।' टावर पर चढ़ने के बाद युवती ने एक वीडियो भी बनाया। वीडियो में उसने कहा कि वह अपने पड़ोस में रहने वाली सहेली से शादी करना चाहती है। उसने सवाल किया, "क्या लड़की-लड़की की शादी गुनाह है?" युवती ने यह भी कहा, 'अगर मेरी सहेली की शादी किसी दूसरे युवक से कराई गई, तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं करूंगी। उसके बिना जी नहीं सकती, तो मर भी सकती हूं।' घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही साहेबगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों ने लाउडस्पीकर के जरिए काफी देर तक समझाने की कोशिश की, मिन्नतें कीं और भरोसा दिलाया, लेकिन युवती टस से मस नहीं हुई। वीडियो में एक ओर युवती अपनी सहेली से शादी की जिद पर अड़ी है। वहीं, वह यह भी दावा कर रही है कि करीब डेढ़ साल पहले उसने अपनी सहेली से शादी कर ली थी और अब दोनों साथ रहना चाहते हैं, लेकिन सहेली के परिजन उसकी शादी साहेबगंज में काम करने वाले एक युवक से कराना चाहते हैं, जिसका वह विरोध कर रही है। बबीता के अनुसार, 6 जुलाई को उसकी सहेली को देखने के लिए लड़के वाले पहुंचे थे। तब उसने सहेली के पिता से मिलकर इस शादी का विरोध किया था। इसके बावजूद परिजनों ने शादी की तैयारियां जारी रखीं, लेकिन इसके बावजूद उसने विरोध जारी रखा। आज इसी विरोध में वो टावर पर चढ़ गई। ग्रामीणों के अनुसार, जिस समय युवती टावर पर चढ़ी, वह काफी गुस्से में थी। गुस्से में ही वह गांव के पास स्थित एक गगनचुंबी हाईटेंशन टावर के सबसे ऊपरी हिस्से तक पहुंच गई। उसे इतनी ऊंचाई पर देखकर नीचे खड़े ग्रामीणों के होश उड़ गए और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही साहेबगंज थाना पुलिस, स्थानीय प्रशासन और अन्य विभागों की टीमें मौके पर पहुंच गईं। करीब 100 पुलिसकर्मी लगातार युवती को नीचे उतरने के लिए समझाते रहे, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रही। आखिरकार परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से काफी समझाने-बुझाने के बाद वह करीब 6 घंटे बाद नीचे उतरी।

# सब्जी व्यापारी लूटकांड का पर्दाफाश मास्टरमाइंड समेत 3 गिरफ्तार

एजेंसी, पटना

पटना पुलिस ने धनरूआ में सब्जी कारोबारी से लूटपाट और गोली मारने की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने एक संगठित लूट और स्नैचिंग गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी समेत लूटे गए सोने के जेवर खरीदने वाले एक जेवर व्यापारी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलजा ने बताया, धनरूआ थाना पुलिस की कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल बाइक, 16 फर्जी नंबर प्लेट, 10 मोबाइल फोन, दो हेलमेट, दो डिजिटल तराजू और गलाए गए सोने जैसी धातु समेत कई महत्वपूर्ण सामान बरामद किए गए हैं।



**विरोध करने पर पैर में मारी थी गोली:** पुलिस के अनुसार, 24 जून को धनरूआ थाना क्षेत्र के दरधा पुल के पास अपराधियों ने एक सब्जी व्यवसायी से सोने की चेन लूट ली थी। जब कारोबारी ने विरोध किया तो बदमाशों ने उसके पैर में गोली मार दी थी और मौके से फरार हो गए थे।

**तकनीकी जांच से पकड़ा गया मुख्य आरोपी:** घटना के खुलासे के लिए गठित विशेष टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी राजेश कुमार उर्फ राहुल सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने इस वारदात के अलावा मार्च महीने में दरधा पुल के पास हुई एक अन्य चेन लूट की घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

**फर्जी नंबर प्लेट और हथियार उपलब्ध कराता था साथी:** जांच में सामने आया कि

**लूटे गए जेवर का खरीदार भी धराया गलाया हुआ सोना बरामद**

वारदात में इस्तेमाल होने वाली मोटरसाइकिल, हथियार और फर्जी नंबर प्लेट मुन्ना उर्फ मुकुट यादव उपलब्ध कराता था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

**बेगूसराय से सर्राफ भी गिरफ्तार:** आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने बेगूसराय के स्वर्ण व्यापारी सूरज कुमार को भी गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह लूटी गई सोने की चेन को गलाकर उसकी खरीद-बिक्री करता था। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि गिरोह के अन्य सदस्य किन-किन वारदातों में शामिल रहे हैं।

# बिहटा सड़क हादसे में दूसरे युवक ने भी तोड़ा दम

एजेंसी, पटना

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल दूसरे बाइक सवार युवक की भी मौत हो गई। गुरुवार सुबह पटना में इलाज के दौरान संजय कुमार ने दम तोड़ दिया। इससे पहले इस हादसे में उनके साथी प्रमोद कुमार सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। दो युवकों की मौत के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा है। मृतक संजय कुमार की पहचान हनुमानगंज निवासी सकलदेव राय के बेटे के रूप में हुई है। वह बेला गांव के दामाद थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**सब्जी लेकर लौट रहे थे, तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर:** जानकारी के मुताबिक, संजय कुमार और प्रमोद कुमार सिंह बुधवार शाम कन्हौली बाजार से सब्जी खरीदकर बेला गांव लौट रहे थे। महम्मदपुर गांव के पास पटना की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि



**♦ इलाज के दौरान मौत, दोस्त की मौके पर हो चुकी थी मौत**

बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क किनारे जा गिरे। हादसे में प्रमोद कुमार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल संजय कुमार को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए पटना भेजा था। गुरुवार सुबह उन्होंने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को मृतक का शव सड़क पर रखकर करीब तीन घंटे तक जाम लगाया था। बाद में डीएसपी के मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने के बाद जाम समाप्त हुआ और यातायात सामान्य हो सका।

# पटना के वीवीआईपी इलाके में मिला संदिग्ध शव

एजेंसी, पटना

पटना के VVIP इलाके हार्डिंग रोड ओवरब्रिज के पास गुरुवार सुबह एक संदिग्ध व्यक्ति का शव मिला है। सचिवालय थाना क्षेत्र में हुई इस घटना से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सचिवालय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए FSL (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी)की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। सचिवालय डीएसपी अनु कुमारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

जिस स्थान पर शव मिला है, वह राजधानी का अति संवेदनशील और वीवीआईपी इलाका माना जाता



है। आसपास कई मंत्रियों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के सरकारी आवास हैं। ऐसे में पुलिस आशंका जता रही है कि किसी ने शव को यहां लाकर फेंका और मौके से फरार हो गया।

सचिवालय डीएसपी अनु कुमारी ने बताया, 'सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई है। प्रथम दृष्टया मृतक की उम्र 45 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। फिलहाल शव की पहचान कराई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।'

# अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, छोटी लाइन से कार्रवाई शुरू, स्टेशन रोड तक होगी कार्रवाई

एजेंसी, पटना

पटना के फतुहा में भीषण जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर परिषद ने गुरुवार से विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर दिया है। अभियान की शुरुआत छोटी लाइन क्षेत्र से हुई, जहां जेसीबी मशीनों के साथ पहुंची नगर परिषद की टीम ने अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। टीम अतिक्रमण हटाते हुए स्टेशन रोड की ओर बढ़ रही है। कार्रवाई के दौरान नालों के ऊपर और सड़क किनारे किए गए अवैध निर्माण, अस्थायी दुकानों को हटाया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना और जाम की समस्या को कम करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।



**पहले ही दी गई थी चेतावनी:** प्रशासन ने इस कार्रवाई को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए बीते 8 जुलाई को ही पूरे इलाके में माइकिंग के माध्यम से सभी दुकानदारों और स्थानीय लोगों को स्पष्ट हिदायत दे दी थी। प्रशासन ने लोगों से स्वयं अपना कब्जा हटाने का आग्रह किया था, ताकि आज की कार्रवाई के दौरान किसी का नुकसान न हो।

**तीन दिनों तक चलेगा अभियान:** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई अभी जारी है। उन्होंने

**जाम से मिलेगी राहत**

स्पष्ट किया कि यह केवल आज की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि 9 जुलाई से 11 जुलाई तक तीन दिनों तक यह अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। छोटी लाइन से शुरू होकर यह अभियान स्टेशन रोड होते हुए चौराहा और गोविंदपुर बाजार तक पहुंचेगा।

**भारी पुलिस बल की तैनाती:** अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। प्रशासन के सख्त रुख के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप है, जबकि स्थानीय लोगों ने जाम की समस्या से राहत की उम्मीद जताते हुए इस कार्रवाई का स्वागत किया है।

# बीजेपी का प्रशांत किशोर से नहीं आरजेडी से मुकाबला

एजेंसी, पटना

बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि एनडीए की सीधी लड़ाई राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) से है, न कि प्रशांत किशोर से। उनके मुताबिक, प्रशांत किशोर सिर्फ वोट काटने के उद्देश्य से चुनाव मैदान में उतरे हैं और मुकाबले में कहीं दूर-दूर तक नजर नहीं आएंगे।

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन के दौरान मीडिया से बातचीत में अशोक चौधरी ने कहा, 'एनडीए ने अभिषेक कुमार बंटी को उम्मीदवार बनाया है और पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। इस चुनाव में एनडीए का मुकाबला सीधे आरजेडी उम्मीदवार रेखा गुप्ता से है।' अशोक चौधरी ने दावा किया कि जिस तरह पहले के चुनाव में प्रशांत किशोर को अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी, वैसा ही परिणाम बांकीपुर उपचुनाव में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, 'चुनाव में प्रशांत किशोर कहीं भी मुकाबले में नजर नहीं आएंगे, जनता उन्हें स्वीकार नहीं करेगी।'



**31 वर्षों से भाजपा का गढ़ है बांकीपुर:** मंत्री अशोक चौधरी ने कहा, 'बांकीपुर विधानसभा लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन वर्षों तक इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इससे पहले उनके पिता भी इस क्षेत्र की राजनीति से जुड़े रहे और भाजपा ने यहां लगातार अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी है।'

**मैं खुद बांकीपुर का वोटर हूं, प्रशांत किशोर चुनाव न लड़ें- अशोक चौधरी:** अशोक चौधरी ने कहा कि वह स्वयं बांकीपुर विधानसभा के मतदाता हैं। एक मतदाता होने के नाते उन्होंने प्रशांत किशोर को सलाह देते हुए

**अशोक चौधरी ने कहा- पीके वोटकटवा बनकर रह जाएंगे, उनको चुनाव नहीं लड़ना चाहिए**

कहा, 'उन्हें यह चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। मैं उन्हें सलाह देता हूं कि चुनाव मत लड़िए। आपका हश्र बहुत बुरा होगा। चुनाव के बाद जनता का सामना करना भी मुश्किल हो जाएगा।'

**भरत तिवारी मामले में दोषियों पर होगी कार्रवाई- अशोक चौधरी:** इस दौरान मंत्री अशोक चौधरी ने बीते दिन भरत तिवारी के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात करने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'किसी भी परिवार पर दुख की घड़ी आए, तो इंसानियत के नाते उनके साथ खड़ा होना हर व्यक्ति का कर्तव्य है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने भरत तिवारी के पिता और अन्य परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले में दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में शराब पार्टी कर हंगामा कर रहे 8 गिरफ्तार

एजेंसी, पटना

पटना के IIT अम्हारा थाना क्षेत्र के बभनलई गांव में शराब पार्टी कर हंगामा कर रहे 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बुधवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस का कहना है कि मौके से कई अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

**छापेमारी कर आठ लोगों को हिरासत में लिया:** स्थानीय लोगों के मुताबिक, गांव में शराब पार्टी चल रही थी और नशे में धुत लोग हंगामा कर रहे थे। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिली थी कि बभनलई गांव में कुछ लोग शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना पुलिस की टीम ने गांव में छापेमारी की और मौके से आठ लोगों को हिरासत में ले लिया।

**अंधेरे का फायदा उठाकर**



**ये लोग हुए गिरफ्तार:** गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रविरंजन चौधरी, ओमप्रकाश शाह, मिथुन माली, राजू माली, संत कुमार, चंदीप पासवान, दिलीप कुमार और चंदन कुमार के रूप में हुई है। सभी आरोपी बभनलई गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

**जांच में नशे की पुष्टि:** थाना प्रभारी रोशन कुमार राज ने बताया, देर रात सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। कई लोग भागने में सफल रहे, जबकि आठ लोगों को पकड़ लिया गया। मेडिकल जांच में सभी के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है।'

### सीतामढ़ी में बारिश, 30 जिलों में ऑरेंज अलर्ट, गोपालगंज में बिजली से एक की मौत

एजेंसी, पटना

बिहार के बगहा में बीती रात से बारिश हो रही है। वहीं, सीतामढ़ी में सुबह से बादल छाए थे, लेकिन दोपहर बाद तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने बिहार के 30 जिलों में आज तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, में भारी बारिश की संभावना है। 40Kmph की रफ्तार से हवा चल सकती है। पटना और उसके आस-पास के जिलों में बादल छाए रहेंगे। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है। विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में कई जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। अगले 7 दिन तक मौसम में बदलाव की उम्मीद नहीं है।

**सीमांचल में भारी बारिश, दक्षिण में मानसून सुस्त:** बिहार में मानसून की रफ्तार तेज तो हुई है, लेकिन ये असमान है। सीमांचल और कोसी के इलाके पानी-पानी हैं, वहीं राजधानी पटना समेत दक्षिण



और पश्चिम बिहार के लोग अब भी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

मौसम विभाग ने आज गुरुवार को सीमांचल के जिलों अररिया और सुपौल में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। किशनगंज, पूर्णिया, मधेपुरा और मधुबनी में भारी बारिश की चेतावनी है। उत्तर बिहार के कई जिलों में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका जताई गई है।

# पटना के पार्कों में लगेंगी 200 प्री-फैब्रिकेटेड दुकानें

## जीविका और स्मार्ट सिटी मिलकर करेंगी संचालन

एजेंसी, पटना

जेपी गंगा पथ पर लगने वाली 200 प्री-फैब्रिकेटेड दुकानों को अब पटना के पार्कों में स्थापित किया जाएगा। जीविका दीदी और पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा इसका संचालन किया जाएगा। इनमें सुधा बूथ सहित अन्य व्यावसायिक गतिविधियां शुरू की जाएंगी। फिलहाल इन दुकानों को गर्दनीबाग हाई स्कूल के पास रखा गया है।

**अधिकारियों ने पुराने डिजाइन को किया था खारिज:** पहले जेपी गंगा पथ पर करीब 15.45 करोड़ रुपये की लागत से 500 दुकानों वाला वेंडिंग जोन विकसित करने की योजना बनाई गई थी। इसी परियोजना के तहत




200 प्री-फैब्रिकेटेड दुकानें भी तैयार कर ली गई थीं। प्रत्येक दुकान में बेसिन, स्लैब, एग्जॉस्ट फैन, लाइट, इलेक्ट्रिक बोर्ड और अन्य जरूरी सुविधाएं दी गई थी, लेकिन इन दुकानों का डिजाइन गंगा नदी के सुंदर नजारे को फीका कर रहा था। इसे देखते हुए योजना में बदलाव किया गया और इन दुकानों को जेपी गंगा पथ से हटाने का निर्णय लिया गया था।

**50 प्री-फैब्रिकेटेड दुकान बनाने का लिया गया निर्णय:** फिर गंगा पथ पर 50 दुकानों के निर्माण की बात आयी है। इसके लिए डिजाइनों को फाइनल करके काम भी शुरू हो गया है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने इस परियोजना का शिलान्यास भी

**♦ जेपी गंगा पथ से हटाए गए थे**

किया है। इन आउटलेट्स में बड़े ब्रांडों के साथ स्थानीय वेंडरों को भी व्यवसाय का अवसर मिलेगा।

**नई दुकानों पर खर्च होंगे 7.18 करोड़ रुपये:** नई दुकानों को तैयार करने में करीब 7.18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनमें से 45 दुकानें 16 फुट लंबी, 10 फुट चौड़ी और 9 फुट ऊंची होती। इसके अलावा पांच दुकानें 20 फुट लंबी, 10 फुट चौड़ी और 9 फुट ऊंची बनाई जाती। सभी दुकानों का डिजाइन एक समान आधुनिक लुक में है, ताकि पूरा क्षेत्र व्यवस्थित और आकर्षक दिखाई दे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुष्पेंद्र तिवारी बने सांसद प्रतिनिधि, रामगढ़वा में समर्थकों ने जताई खुशी



**बीएनएम@ रामगढ़वा।** पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने रामगढ़वा प्रखंड के लिए पुष्पेंद्र तिवारी को अपना आधिकारिक सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र में उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। सांसद कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार, पुष्पेंद्र तिवारी अब रामगढ़वा प्रखंड में सांसद के प्रतिनिधि के रूप में विकास योजनाओं की निगरानी, जनसमस्याओं के समाधान तथा विभिन्न सरकारी बैठकों में सांसद का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को निर्देश दिया गया है कि इस नियुक्ति की जानकारी सभी संबंधित विभागों को दी जाए तथा भविष्य में आयोजित होने वाली बैठकों में सांसद प्रतिनिधि को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए। मनोनयन की घोषणा के बाद सांसद डॉ. संजय जायसवाल, सुगौली विधायक बबलू गुप्ता सहित मनोज सिंह, विजय प्रसाद, अश्विनी झा, हरिमोहन भगत, छोटू तिवारी, राजा सहनी, आनंद ओझा एवं जितनारायण महतो ने पुष्पेंद्र तिवारी को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। पुष्पेंद्र तिवारी ने सांसद और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने और आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए वे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। इस नियुक्ति से रामगढ़वा प्रखंड में विकास कार्यों को नई गति मिलने और जनता की समस्याओं के प्रभावी समाधान की उम्मीद जताई जा रही है।

### वाल्मीकि नगर गंडक प्रोजेक्ट में विशाल अजगर देख अफरातफरी



**बीएनएम@ बगहा:** वाल्मीकिनगर स्थित जल संसाधन विभाग की गंडक प्रोजेक्ट ई-टाइप कॉलोनी में बुधवार देर रात एक विशाल अजगर के पहुंच जाने से कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। अजगर बार-बार मुर्गी के दड़बे की ओर बढ़ रहा था, जिससे कॉलोनीवासियों में दहशत फैल गई। लोगों ने साहस दिखाते हुए उसे दो बार जंगल की ओर खदेड़ा, लेकिन वह फिर वापस उसी स्थान पर लौट आया।जानकारी के अनुसार, कॉलोनी निवासी शिक्षक फ़रान खान रात करीब 11 बजे भोजन के बाद अपने आवासीय परिसर में टहल रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर मुर्गी के दड़बे के पास रेंग रहे एक विशाल अजगर पर पड़ी। अजगर को देखते ही उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सभी ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद उसे जंगल की ओर भगा दिया।हालांकि कुछ ही देर बाद अजगर फिर उसी मुर्गी के दड़बे के पास पहुंच गया। इसके बाद कॉलोनीवासियों ने दोबारा प्रयास कर उसे सुरक्षित तरीके से जंगल की दिशा में खदेड़ दिया।

### ग्रिल काटकर घर में घुसे चोर, 50 लाख के जेवर व 9 लाख नकद उड़ाए



**बीएनएम@ बेनिया: मझौलिया।** महोदीपुर भट्ट टोला वार्ड संख्या-15 में देर रात अज्ञात चोरों ने कृष्ण किशोर सिंह उर्फ मोहन सिंह के घर के मुख्य ग्रिल और सुरक्षा जाली को काटकर भीतर प्रवेश किया तथा कमरों और अलमारियों के ताले तोड़कर लॉकर में रखे करीब 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और लगभग 9 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए।सुबह घटना की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। चोरी की वारदात से पूरे भट्ट टोला इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि लोगों ने पुलिस गश्ती व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं।सूचना मिलते ही बेतिया एसडीपीओ-1 अजीत कुमार तथा मझौलिया पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमर कुमार पहुंचे।एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने पीड़ित परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्धों की पहचान के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी शुरू कर दी गई है।

### 28 लीटर देशी चुलाई शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**बीएनएम@ योगापट्टी :** योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के नवलपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने बुधवार को नवलपुर गांव मे दो अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर 28 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद करने के साथ ही शराब तस्कर बैरिया तार निवासी रविन्द्र



मुखिया को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने छापेमारी कर दो अलग अलग जगहों से देशी चुलाई 28 लीटर शराब बरामद किया और गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया |

# 30 दिवसीय निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ, सीमावर्ती महिलाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

बीएनएम@ मोतिहारी

सीमावर्ती क्षेत्रों की महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), मोतिहारी द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 30 दिवसीय निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रफुल्ल कुमार, कमांडेंट, 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मोतिहारी के निर्देशन तथा संतोष कुमार, उप कमांडेंट की अध्यक्षता में सीमा चौकी जमुनिया के कार्यक्षेत्र अंतर्गत पंचायत सरकार भवन, झरोखर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विजय कुमार (अनुमंडल पदाधिकारी ढाका), द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सीमावर्ती क्षेत्र की 20 ग्रामीण युवतियों एवं महिलाओं ने प्रशिक्षण में भाग लेकर आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला कदम बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संतोष कुमार, उप कमांडेंट ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निर्देशन में समय-समय पर सीमावर्ती क्षेत्रों के युवक-युवतियों एवं महिलाओं के कौशल विकास हेतु विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन प्रशिक्षणों के माध्यम से स्थानीय लोग निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं तथा अपने परिवार की आर्थिक




स्थिति को मजबूत बना सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण अवधि के दौरान पूरी लगन एवं अनुशासन के साथ सिलाई की बारीकियों को सीखने का आग्रह करते हुए कहा कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वे स्वयं का सिलाई केंद्र स्थापित कर आय अर्जित कर सकती हैं तथा अन्य महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध कराने में योगदान दे सकती हैं। मुख्य अतिथि विजय कुमार ने अपने संबोधन में सशस्त्र सीमा बल द्वारा संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण सीमावर्ती क्षेत्रों में महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जहां कई लोग रोजगार के अभाव में भटक जाते थे, वहीं अब कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से वे सम्मानजनक आजीविका की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना परिवार एवं समाज दोनों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और एसएसबी का यह प्रयास इस दिशा में अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करा रहे हैं तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर अभिषेक कुमार (अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ढाका) अखिलेश कुमार, सहायक कमांडेंट, प्रमोद कुमार, सहायक कमांडेंट, निरीक्षक (सामान्य) राजेंद्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक उत्कर्ष भूषण, झरोखर थाना के थानाध्यक्ष असलम अंसारी, प्रभात कुमार मुखिया प्रतिनिधि झरोखर, जीतेन्द्र कुमार प्रमुख SARETA सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षु, प्रशिक्षकगण, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मोतिहारी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण भविष्य में भी ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।

## सड़क निर्माण में बाधक बने पुराने कुएं को प्रशासन ने हटवाया

बीएनएम@ समस्तीपुर

मोहिउद्दीननगर प्रखंड की बोचहा पंचायत में सड़क निर्माण कार्य में बाधा बन रहे एक पुराने कुएं को प्रशासन ने दंडाधिकारी और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध जताया, लेकिन अधिकारियों द्वारा समझाने-बुझाने के बाद पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक एवं विधिसम्मत तरीके से संपन्न करा ली गई। अंचल अधिकारी बृजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी, पटोरी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत सड़क निर्माण योजना के तहत जिस मार्ग का चयन किया गया था, उसी स्थान पर यह पुराना कुआं स्थित था। इसके कारण सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से बाधित था।



जनहित को देखते हुए सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए कुएं को हटाया गया, ताकि निर्माण कार्य बिना किसी रुकावट के पूरा किया जा सके। कार्रवाई के दौरान स्थानीय निवासी प्रेमचंद्र राय एवं वीरचंद राय ने कुएं को हटाने का विरोध किया। अंचल अधिकारी ने बताया कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद बोचहा पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों के करीब 500 से अधिक परिवारों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।

## नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस पर महिला किसानों को किया गया जागरूक

बीएनएम@ मोतिहारी

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के 45वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पूर्वी चम्पारण जिले के ढाका प्रखंड अंतर्गत सिंगरहिया गांव में गुरुवार को एक जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिहार ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय मोतिहारी द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम (FLAP) के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जिसका वित्तपोषण नाबार्ड द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 60 से अधिक स्वयं सहायता समूह (SHG) से जुड़ी महिला किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय समावेशन, कृषि में महिलाओं की बढ़ती भूमिका, सतत एवं जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों तथा आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक (DDM) आनंद अतिरेक



ने उपस्थित महिला किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि नाबार्ड पिछले चार दशकों से अधिक समय से ग्रामीण विकास, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण एवं वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वर्ष "अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके परिप्रेक्ष्य में कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को कृषि आधारित उद्यमिता, आयवर्धक गतिविधियों, डिजिटल बैंकिंग तथा सरकारी योजनाओं से अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए प्राकृतिक संसाधन संरक्षण एवं जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में बिहार ग्रामीण बैंक तथा वित्तीय साक्षरता केंद्र (FLC), मोतिहारी क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने भी भाग लिया। बैंक अधिकारियों ने महिलाओं को बचत, ऋण प्रबंधन, डिजिटल भुगतान प्रणाली, साइबर सुरक्षा तथा विभिन्न बैंकिंग सेवाओं की जानकारी प्रदान की। प्रतिभागियों को वित्तीय अनुशासन एवं आत्मनिर्भरता के महत्व से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला किसानों एवं स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए तथा कृषि, आजीविका एवं उद्यम विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त होने और परिवार की आय बढ़ाने में सहायता मिली है। नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने, वित्तीय सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। प्रतिभागियों ने नाबार्ड एवं बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

## पीएम-अजय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित, 42 चयनित गांवों में होगा सर्वेक्षण

बीएनएम@ मोतिहारी

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के तहत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार, मोतिहारी में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार ने की। कार्यशाला में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले सर्वेक्षण की प्रक्रिया, डेटा संकलन, मोबाइल एप एवं वेब पोर्टल के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य संपादित करने की विस्तृत जानकारी संबंधित पदाधिकारियों को दी गई। जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि पूर्वी चंपारण जिले के 16 प्रखंडों की 37 पंचायतों के 42 गांवों का चयन प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत किया गया है। योजना का उद्देश्य चयनित गांवों का समग्र एवं एकीकृत विकास सुनिश्चित करना है, ताकि सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सके। योजना के तहत 10 डोमेन में 50 मॉनिटर योग्य संकेतक निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन




एवं वार्षिक कार्य योजनाओं के मूल्यांकन के लिए जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मूल्यांकन सह अभिसरण समिति (पीएसीसी) का गठन किया जा चुका है। वहीं, ग्राम स्तर पर संबंधित मुखिया की अध्यक्षता में ग्राम स्तरीय पीएसीसी का गठन कर आधारभूत आंकड़ों के संग्रहण के लिए सर्वेक्षण टीमों का भी गठन किया गया है। प्रभारी जिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वेक्षण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण, त्रुटिरहित एवं पारदर्शी तरीके से पूरा कर समेकित प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि योजना के तहत आगे की कार्रवाई समय पर सुनिश्चित की जा सके। कार्यशाला में जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पांडेय, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय में चयनित सिमरन पाण्डेय का सम्मान, पौधा व अंगवस्त्र भेंट कर दी शुभकामनाएं

बीएनएम@ रामगढ़वा/मोतिहारी

नवोदय विद्यालय में चयनित छात्रा सिमरन पाण्डेय को उनकी इस उपलब्धि पर मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें पौधा एवं अंगवस्त्र भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के राज्य विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख अमित कश्यप ने सिमरन पाण्डेय को पौधा भेंट करते हुए कहा कि शिक्षा सफलता की सबसे मजबूत नींव है। नवोदय विद्यालय में चयन सिमरन की मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक करना आवश्यक है। पौधा भेंट करना केवल शुभकामना नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। अभाविप की जिला प्रमुख विदूषी दीक्षित ने सिमरन पाण्डेय को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सिमरन की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। लक्ष्य के प्रति समर्पण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम से हर छात्र-छात्रा अपने सपनों को साकार कर सकता है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा को समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला बताते हुए सिमरन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छात्र नेता नमन कश्यप सहित अभाविप के पूर्व जिला संयोजक हिमांशु सिंह, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रियांशु सिंह, पूर्व छात्र नेता रौशन राज तथा प्रवीण पाल मौजूद रहे। सभी ने सिमरन पाण्डेय को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिहुली में गीदड़ों का आतंक जारी, आधा दर्जन ग्रामीण घायल; स्वास्थ्य विभाग ने भेजी एंटी-रेबीज वैक्सीन व एंबुलेंस

बीएनएम@ पताही

पताही प्रखंड की जिहुली पंचायत में गीदड़ों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीण भय के साये में जीने को मजबूर हैं। शाम ढलते ही गांव की गलियां सूनी हो जाती हैं और लोग घरों में कैद हो जाते हैं। बच्चे बाहर खेलने से डर रहे हैं, जबकि महिलाएं और बुजुर्ग हर आहट पर सहम उठते हैं। बुधवार देर शाम गीदड़ों का एक झुंड फिर गांव में घुस आया और अलग-अलग स्थानों पर लोगों पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से गांव में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचे, जिसके बाद गीदड़ जंगल की ओर भाग निकले और घायलों को बचाया जा सका। हमले में बमभोली सिंह की 68 वर्षीय पत्नी, स्वर्गीय अजोधी सहनी की आठ वर्षीय नतनी, शंकर दास का 16



वर्षीय पुत्र रामबाबू दास, गणेश राम का 40 वर्षीय पुत्र राजकुमार, 57 वर्षीय मुकेश राय तथा 75 वर्षीय शिक्षाविद गणी साह घायल हो गए। सभी घायलों का स्थानीय स्तर पर उपचार कराया गया। इससे पहले करीब एक माह पूर्व भी सुधीर सिंह की पत्नी गीदड़ के



हमले में गंभीर रूप से घायल हो चुकी हैं।

ग्रामीणों के अनुसार गीदड़ों का झुंड लगभग रोज शाम गांव में पहुंच जाता है। कई बार वे घरों के आंगन तक घुस आते हैं और बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। इतना ही नहीं, बकरियों समेत छोटे घरेलू पशुओं पर भी लगातार हमला कर रहे हैं। इससे गांव की सामान्य दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

**स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ाई सतर्कता–** लगातार हो रहे हमलों को देखते हुए पताही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शंकर बैठा ने जिहुली अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित आसपास के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी-रेबीज वैक्सीन और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई है। साथ ही जिहुली एपीएचसी में रात्रि के समय एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में घायलों को तत्काल बेहतर इलाज के लिए रेफर किया जा सके।

ग्रामीणों ने बताया कि जैसे ही डॉ. शंकर बैठा को लगातार हो रहे गीदड़ हमलों और स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत वैक्सीन और एंबुलेंस उपलब्ध कराई। स्वास्थ्य विभाग की इस त्वरित पहल से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और चिकित्सा प्रभारी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**वन विभाग से स्थायी समाधान की मांग–** हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि केवल स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने जिला प्रशासन और वन विभाग से विशेष अभियान चलाकर गीदड़ों को पकड़ने, प्रभावित क्षेत्र में नियमित निगरानी रखने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है।

बागमती नदी के किनारे बसे जिहुली गांव में लगातार बढ़ रहे गीदड़ों के हमलों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अब गांव के लोगों की निगाहें प्रशासन और वन विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मुखिया ने निर्दोषों पर दर्ज मुकदमे को बताया अन्यायपूर्ण



**बीएनएम@ जमुई/झाझाः** झाझा पुलिस द्वारा बालू लदे ट्रैक्टर पकड़ने के दौरान घोरमारा गांव के निर्दोष ग्रामीणों पर झूठा मुकदमा दर्ज करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। भाकपा माले जिला कमिटी, जमुई के सदस्य एवं पूर्व मुखिया रमेश यादव ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन को कानून सम्मत कार्रवाई का पूरा अधिकार है, लेकिन इसकी आड़ में बेकसूर ग्रामीणों को प्रताड़ित करना और उन्हें झूठे मामलों में फंसाना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है।रमेश यादव ने आरोप लगाया कि पुलिस घटना के बाद रात के समय गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को डरा-धमका रही है, जिससे पूरे गांव में भय और दहशत का माहौल है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रशासन द्वारा दावा किए गए पुलिसकर्मियों के घायल होने की घटना की एक निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच के जरिए यह स्पष्ट किया जाए कि वास्तव में कौन दोषी है और किन परिस्थितियों में घटना घटी।पूर्व मुखिया ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए मांग की है कि निर्दोष ग्रामीणों के विरुद्ध दर्ज फर्जी मुकदमे तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई और ग्रामीणों को न्याय नहीं मिला, तो भाकपा माले के नेतृत्व में व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी।

### जीविका समितियों की वार्षिक आमसभा, में कार्ययोजना को मिली मंजूरी



**बीएनएम@ जमुई।** सिकंदरा एवं अलीगंज प्रखंड की छह जीविका पोषित महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समितियों—सहयोग, संघर्ष, सुनहरा, पहल, सखी और दीप—की वार्षिक आमसभा गुरुवार को उत्साह के साथ संपन्न हुई। इन बैठकों में जीविका दीदियों ने बड़ी संख्या में भागीदारी करते हुए वर्ष 2025-26 के कार्यों की समीक्षा की और आगामी वर्ष 2026-27 के लिए कार्ययोजना को सर्वसम्मति से मंजूरी दी।लछुआर स्थित 'संघर्ष' समिति की सभा का उद्घाटन अध्यक्ष सुनीता देवी और बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक सुजीत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान वार्षिक अंकेक्षण रिपोर्ट, आय-व्यय और लाभ-हानि का ब्यौरा सदस्यों के समक्ष रखा गया। आगामी वर्ष के लिए बैंक लिंकेज, बीमा, क्षमता विकास और जीविकोपार्जन गतिविधियों को विस्तार देने का निर्णय लिया गया।अलीगंज में 'सखी' समिति की सभा को संबोधित करते हुए डीपीएम संजय कुमार और बीपीएम मृत्युंजय कुमार ने दीदियों को आत्मनिर्भरता का मंत्र दिया। कई महिलाओं ने मुर्गी पालन, सिलाई और कृषि आधारित व्यवसायों से अपनी आय में हुई वृद्धि के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों, ग्राम संगठनों और जीविका कैडरों को सम्मानित किया गया। प्रशासन ने नियमित बैठकों और समय पर ऋण वापसी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

### टीकाकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सीएचसी प्रभारी



**बीएनएम@ जमुई/झाझाः** गुरुवार को झाझा सीएचसी में क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाते हुए नियमित रूप से टीकाकरण करने व अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर एएनएम के बीच समीक्षा बैठक की गई। जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नवाब इकबाल, बीसीएम पंकज कुमार के अलावे जिला से दो सदस्यीय टीम मौजूद रहे। बैठक के दौरान समीक्षा की गई कि क्षेत्र में टीकाकरण कार्य को किस तरह से और बेहतर किया जा सके। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि हर दिन टीकाकरण का कार्य करना एएनएम के ऊपर जिम्मेवारी होती है। एएनएम अपनी जिम्मेवारी को समझे और नियमित टीकाकरण कार्य को पूरा करे और उसकी रिपोर्ट बनाकर कार्यालय को सौंपे। उन्होंने साफ तौर पर एएनएम को निर्देश दिया कि जो भी एएनएम अपनी जिम्मेवारियों में लापरवाही करती है तो उसके खिलाफ सख्ती से विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित रिक्शा पलटने से मची चीख-पुकार

सात घायल,इलाजरत



**बीएनएम@ शेखपुरा.** सिरारी थाना क्षेत्र के भदौसी गांव के समीप एक सड़क दुर्घटना में ई-रिक्शा पलटने से तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा में चालक समेत कुल सात लोग सवार थे। घायल मिनी देवी ने बताया कि वे सभी कोलकाता के कालीघाट मंदिर में दर्शन कर हावड़ा-गया ट्रेन से वापस लौट रहे थे। स्टेशन से उतरकर घर जाने के दौरान, जयमंगला और सिरारी गांव के बीच एक अनियंत्रित पिकअप ने ई-रिक्शा को चकमा दे दिया, जिससे रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया।इस हादसे में भदौसी निवासी मिनी देवी (खेलावन महतो की पत्नी), सोना देवी (जागेश्वर महतो की पत्नी) और विदेशी महतो की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि चार अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हथियार के साथ फोटो वायरल



**बीएनएम@ शेखपुरा.** सोशल मीडिया पर देशी कट्टा लहराते हुए एक युवक की तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है, जिसकी पहचान कसार थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासी नीतीश कुमार (पिताः धनेसर राउत) के रूप में की गई है। हालांकि, इस वायरल तस्वीर की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। कसार थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने स्पष्ट किया कि यह तस्वीर करीब छह माह पुरानी है। मामले में पुलिस ने पहले भी युवक के घर छापेमारी की थी, लेकिन वह फरार हो गया। पुलिस फिलहाल उसकी तलाश में जुटी हुई है।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

# किसानों को कृषि फीडर से सुबह 6 से शाम 6 बजे तक मिलेगी निर्बाध बिजली

» बिहार में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार

'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के प्रभावी और व्यापक क्रियान्वयन पर जोर

**बीएनएम@ पटना**



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के सभी किसानों को कृषि फीडर के माध्यम से सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह निर्देश केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए, जिसमें बिहार में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के प्रभावी और व्यापक क्रियान्वयन पर जोर देते हुए जिलाधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने पात्र परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए जनजागरूकता बढ़ाने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने की बात कही।मुख्यमंत्री ने पीएम-कुसुम योजना के तहत कृषि क्षेत्र के सौरकरण को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई व्यवस्था से किसानों की लागत घटेगी और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही बिहार के जलाशयों में फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं की संभावनाओं का वैज्ञानिक अध्ययन कर नई परियोजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए।बैठक में राज्य के लिए ग्रीन हाइड्रोजन नीति तैयार करने की दिशा में पहल करने पर भी सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं और औद्योगिक विकास को देखते हुए बिहार को नई स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों के लिए तैयार करना जरूरी है।उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निजी निवेश आकर्षित करने के लिए पारदर्शी और अनुकूल वातावरण विकसित करने, सौर ऊर्जा क्षमता का वैज्ञानिक आकलन करने तथा ऊर्जा उत्पादन, वितरण और आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने के निर्देश भी दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना होगा और बिहार इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सुझावों के अनुरूप बिहार को नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाएगा।

## वैशाली में आधी रात बमबाजी से दहशत

घर पर फेंके गए चार बम; दो में हुआ धमाका

**बीएनएम@ वैशाली।** सदर थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव में देर रात अपराधियों ने एक घर को निशाना बनाकर बमबाजी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। बदमाशों ने विक्की मिश्रा के घर पर चार बम फेंके, जिनमें से दो में जोरदार विस्फोट हुआ, जबकि दो बम नहीं फटे। जानकारी के अनुसार, रात करीब 12:30 बजे कुछ अज्ञात हमलावर विक्की मिश्रा के घर पहुंचे और बम फेंककर फरार हो गए। धमाके की तेज आवाज सुनकर परिवार के लोगों की नींद खुली, लेकिन उन्हें लगा कि किसी वाहन का टायर फटा है। सुबह घर के बाहर सफाई के दौरान सुतली और बम से जुड़े संदिग्ध सामान मिलने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद परिवार ने तुरंत सदर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस टीम के साथ साक्ष्य जुटाने में लग गए। पुलिस ने इलाके की छानबीन शुरू कर दी है और हमलावरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## एक माह से लापता किशोर का 10 फीट गहरे गड्ढे से शव बरामद

» मुख्य आरोपी की निशानदेही पर जेसीबी से हुई खुदाई

» गला रेतने के बाद गोली मारकर हत्या करने की बात कबूली

**बीएनएम@ समस्तीपुर**



जिले के विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र से एक माह पूर्व लापता 14 वर्षीय किशोर की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मुख्य आरोपी की निशानदेही पर मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव स्थित एक खेत में जेसीबी से खुदाई कर करीब 10 फीट नीचे दफन शव बरामद किया गया। शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई । मृतक की पहचान विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के बंगराहा गांव निवासी रामप्रीत यादव के 14 वर्षीय पुत्र इशांत कुमार उर्फ छोटू के रूप में हुई है। किशोर के लापता होने के बाद परिजनों ने अपहरण का मामला दर्ज कराते हुए गांव के ही आनंदी सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया था। पुलिस के लगातार दबाव के बीच मुख्य आरोपी आनंदी सिंह ने कुछ दिन पूर्व न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद उसे पुलिस रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार करते हुए शव दफनाने की जगह बताई। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने जेसीबी से खेत की खुदाई कर शव बरामद किया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि पहले किशोर का गला रेतकर उसकी हत्या की गई, फिर गोली मारकर मौत सुनिश्चित की गई। इसके बाद साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को अपने खेत में करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में दफना दिया गया था।विद्यापतिनगर थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि पुलिस की लगातार दबिश के कारण आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। रिमांड पर पूछताछ के दौरान उसने हत्या की पूरी वारदात स्वीकार कर ली। बरामद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गया फोरलेन पर ट्रक से टक्कर के बाद धधकी कार, दो जिंदा जले, चालक गंभीर

» डोभी-पटना फोरलेन पर बुधवार देर रात हुआ दिल दहला देने वाला हादसा

» भीषण टक्कर से डीजल टैंक फटा और दोनों वाहनों में आग भड़क उठी

**बीएनएम@ गया**



गया जिले में डोभी-पटना फोरलेन पर बुधवार देर रात दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। बोधगया थाना क्षेत्र के सिजुआ गांव के पास तेज रफ्तार कार और एक ट्रक की भीषण भिड़ंत के बाद ऐसा आग का गोला बना कि कार में सवार दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार का माहौल बन गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, खाद से लदा दस चक्का ट्रक सर्विस लेन से गलत दिशा में फोरलेन पर चढ़ रहा था। उसी दौरान डोभी से पटना की ओर तेज गति से आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक के दाहिनी ओर बने डीजल टैंक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि डीजल टैंक फट गया और चंद सेकेंड में दोनों वाहनों में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। कार में फंसे दो लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गंभीर रूप से झुलसे चालक को पुलिस ने तत्काल बाहर निकालकर मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक और खलासी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। आग इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह जलकर राख हो गई, जबकि ट्रक का बड़ा हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस को जली हुई कार से कुछ खाली शराब की बोतलें भी मिली हैं। हालांकि, इनका हादसे से कोई संबंध है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मृतकों और घायल चालक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पहचान की कोशिश जारी है। साथ ही फरार ट्रक चालक और खलासी की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

## समस्तीपुर में जिला नागरिक परिषद की पहली बैठक

» जनसहभागिता से विकास कार्यों को गति देने पर जोर

**बीएनएम@ समस्तीपुर**




समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिला नागरिक परिषद की प्रथम बैठक परिवहन विभाग के मंत्री सह समस्तीपुर जिले के प्रभारी मंत्री दामोदर रावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान परिषद के अध्यक्ष, सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि जिला नागरिक परिषद शासन, प्रशासन और आमजन के बीच सशक्त समन्वय स्थापित करने का प्रभावी मंच है। परिषद का उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से विकास कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि परिषद के सदस्य समाज के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में वे अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं, जनअपेक्षाओं और विकास संबंधी सुझावों से प्रशासन को अवगत कराते हुए विकास कार्यों की निगरानी तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में रचनात्मक भूमिका निभाएं। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों को परिषद के सदस्यों के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि आम लोगों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सरकारी सेवाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) राजेश सिंह ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिला नागरिक परिषद के गठन का उद्देश्य, कार्यप्रणाली, सदस्यों की भूमिका एवं दायित्व तथा जनहित के विभिन्न क्षेत्रों में उनके संभावित योगदान की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में जानकारी दी गई कि जिला नागरिक परिषद के अध्यक्ष प्रभारी मंत्री दामोदर रावत हैं। परिषद के उपाध्यक्ष वृंद शाह एवं सुनील कुमार हैं। अन्य सदस्यों में अनिल कुमार सिंह 'बाबा', प्रेमलता, प्रेम पासवान, रणजीत कुमार, छेदीलाल भरतिया, मोहम्मद तौहीद अंसारी, रूपांजलि, मोहन मल्लिक, राकेश कुमार राज, विशुनदेव सिंह एवं बैजनाथ झा शामिल हैं। बैठक में रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार, समस्तीपुर विधायक अश्वमेघ देवी, नगर निगम समस्तीपुर की महापौर अनीता राम, जिले के सभी नगर परिषदों के अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह, उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जदयू जनसुनवाई में मंत्रियों ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**बीएनएम@ पटना**

» बांकीपुर उपचुनाव में एनडीए की जीत का दावा



जनता दल (यू) प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. श्वेता गुप्ता और मदन सहनी ने विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। मंत्रियों ने प्राप्त शिकायतों और आवेदनों के त्वरित एवं विधिसम्मत निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी तथा विधान पार्षद शिवरानी देवी प्रजापति भी मौजूद रहीं। मीडिया से बातचीत में डॉ. अशोक चौधरी ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर कहा कि क्षेत्र का लंबे समय तक प्रतिनिधित्व करने वाले नितिन नवीन ने विकास के कई कार्य किए हैं और जनता से उनका गहरा जुड़ाव रहा है। उन्होंने दावा किया कि बांकीपुर उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत तय है और विपक्ष वहां कोई चुनौती पेश नहीं कर पाएगा। मंत्री मदन सहनी ने कहा कि राज्य सरकार नशा उन्मूलन अभियान को लेकर पूरी तरह गंभीर है। वहीं, मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी नीतियों और सतत प्रयासों से बिहार की महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं और नीतियों को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अभाविप के 78वें स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण व संगोष्ठी

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर हुआ मंथन

**बीएनएम@ समस्तीपुर**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को मोहिउद्दीननगर इकाई द्वारा ध्वजारोहण एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद की 78 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका, छात्रहित एवं समाजहित में संगठन के योगदान तथा युवाओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अभाविप के सक्रिय सदस्य आयुष राज ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सोच को सशक्त बनाने वाला एक प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए तथा राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। नगर अध्यक्ष अमन कुमार झा ने कहा कि अभाविप अपनी स्थापना के समय से ही विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रसार के लिए निरंतर कार्य करती रही है। नगर मंत्री किसलय भारद्वाज ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए परिषद की आगामी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं केशव कुमार ने संगठन की विचारधारा, उद्देश्यों और छात्र-समाज के हित में किए जा रहे कार्यों पर अपने विचार रखते हुए युवाओं से राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने छात्रहित, समाजहित एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर परिषद के अनेक कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरा आयोजन उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।

## समस्तीपुर में अनुसंधानकर्ताओं के लिए समीक्षा बैठक व प्रशिक्षण आयोजित

**बीएनएम@ समस्तीपुर**

डीआईजी मनोज तिवारी ने दिए गुणवत्तापूर्ण विवेचना के निर्देश



पुलिस उप-महानिरीक्षक, मिथिला क्षेत्र, दरभंगा मनोज तिवारी तथा पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर अरविन्द प्रताप सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को जिले के कर्पूरी सभागार में जिले के अनुसंधानकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा लंबित एवं महत्वपूर्ण कांडों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार, वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग, समयबद्ध अनुसंधान, साक्ष्य संकलन, केस डायरी के सुव्यवस्थित संधारण तथा न्यायालय में प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीआईजी मनोज तिवारी ने कहा कि प्रत्येक अनुसंधान निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विधिसम्मत होना चाहिए, ताकि अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाई जा सके और आम जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने अनुसंधानकर्ताओं को आधुनिक अनुसंधान तकनीकों का अधिकाधिक उपयोग करने तथा गंभीर मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह ने अनुसंधानकर्ताओं से कहा कि सभी कांडों का अनुसंधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करें। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, पीड़ितों को न्याय दिलाने तथा अनुसंधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने पर विशेष जोर दिया।

# विदेशी कंपनियों का पूरा नियंत्रण

फिनटेक से संबंधित भारत के महत्त्वपूर्ण डेटा तक अमेरिकी कंपनियों की पैठ गहराती जा रही है। भारत के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र पर वॉलमार्ट, गूगल, मेटा आदि जैसी विदेशी कंपनियों का लगभग पूरा नियंत्रण है। फिनटेक ऐप क्रेड में 90 करोड़ डॉलर के निवेश और क्रेड के संस्थापक कुणाल शाह को ह्वाट्सऐप का वैश्विक प्रमुख बनाने के मेटा के फैसले से उचित ही भारतवासियों में उपलब्धि बोध भरा है। शाह अब अनेक बड़े नामों में शामिल हो गए हैं, जो भारत से शुरुआत करते हुए सबसे बड़ी अमेरिकी कंपनियों में सर्वोच्च पद पर पहुंच गए। यह भारत की तकनीकी एवं प्रबंधकीय शिक्षा व्यवस्था की प्रतिभा तराशने की उच्च क्षमता की एक मिसाल है। मगर इस चकमते सिक्के का एक दूसरा पहलू भी है। ऐसी हर उपलब्धि इस हकीकत को बेनकाब करती है कि भारत प्रतिभाओं का लॉन्च पैड बनने से आगे नहीं बढ़ पाया है। स्वदेशी प्रतिभाएं भारत में स्टार्ट-अप्स के जरिए अपनी पहचान बनाती हैं, जिन्हें जल्द ही खासकर अमेरिकी कंपनियां खींच ले जाती हैं। नतीजतन, आज तक एक भी भारतीय ब्रांड अपनी अद्वितीय वैश्विक पहचान नहीं बना पाया है। क्रेड के सिलसिले में यह चिंताजनक पहलू भी उभरा है कि भारतीय फिनटेक में रणनीतिक निवेश के जरिए देश के महत्त्वपूर्ण डेटा तक अमेरिकी कंपनियों की पैठ गहराती जा रही है। भारत के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र पर वॉलमार्ट, गूगल, मेटा आदि जैसी विदेशी कंपनियों का लगभग पूरा नियंत्रण है। 2018 में लॉन्च हुए क्रेड के आज लगभग एक करोड़ 70 लाख यूजर हैं, जो अपने क्रेडिट कार्ड, बीमा खरीदारी, यूपीआई पेमेंट, ऋण, निवेश आदि से जुड़े कार्य इस कार्ड से करते हैं। ये भारत के सबसे समृद्ध उपभोक्ता हैं, जिनका बेहद अहम डेटा क्रेड के पास है। आशंका पैदा हुई है कि भविष्य में इस कंपनी अपना निवेश बढ़ाकर मेटा इन सारे आंकड़ों की मालिक बन सकती है। गौरतलब है कि ह्वाट्सऐप का इस्तेमाल भी पेमेंट ऐप के रूप में होता है। यह डेटा मेटा के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एजेंट के लिए भी बड़े काम का साबित हो सकता है। भारत में चीन की तरह डेटा ट्रांसफर पर रोक की कारगर कानूनी व्यवस्था नहीं है। ऐसे में संप्रभु एआई या संप्रभु हाई टेक का विकास की बातें खोखली नजर आने लगती हैं। इसीलिए क्रेड और मेटा में बना संबंध चिंता के पहलुओं को भी उजागर कर गया है।

# अमेरिका कैसे तैयार करता है खेल चैंपियन और उद्योग

**सैयद सुलेमान अख्तर**

मुंबई स्थित अमेरिकी कांसुलेट द्वारा भोपाल में आयोजित एक हाइब्रिड सत्र के दौरान 80 से अधिक खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, कोचों और खेल प्रशासकों को संबोधित करते हुए ग्लोबल स्पोर्ट्स मेंटरिंग प्रोग्राम की पूर्व प्रतिभागी वैद्य ने बताया कि अमेरिकी खेल प्रणालियाँ खिलाड़ी विकास, विज्ञान, शिक्षा और व्यवसाय को किस प्रकार एक साथ जोड़कर न केवल चैंपियन तैयार करती हैं बल्कि पूरे खेल उद्योग का विकास भी करती हैं। वैदेही वैद्य चाहती हैं कि भारतीय खेल पेशेवर पदकों और मुकाबलों से आगे की सोच विकसित करें।

उनकेसत्र का शीर्षक था "अमेरिकाकी खेल प्रणालियाँ और मार्गः चैंपियन और उद्योगों को आकार देने वाली संरचनाएँ।" इस सत्र में प्रतिभागियों को यह समझाया गया कि अमेरिका स्कूलों, कॉलेजों, पेशेवर लीग और विशेष सहायता नेटवर्कों के माध्यम से दीर्घकालिक खेल प्रणालियों का निर्माण कैसे करता है। अमेरिका में अपने अनुभव के आधार पर वैद्य कहती हैं कि अमेरिकी खेलों की सफलता उन प्रणालियों में निहित है जो हर स्तर पर खिलाड़ियों को सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार की गई हैं। वैद्य कहती हैं, "अमेरिका तीन आयामी दृष्टिकोण अपनाता हैः संरचित, वैज्ञानिक और पेशेवर। अमेरिकी खेल उद्योग अत्यंत सुव्यवस्थित है। खेल क्षेत्र में प्रवेश करने वाले खिलाड़ियों को आमतौर पर अपने कॅरियर के मार्ग की स्पष्ट समझ होती है। स्कूल टीमों से लेकर राष्ट्रीय लीग तक, प्रदर्शन विज्ञान के महत्व को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है।" अमेरिकी दृष्टिकोण केवल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें बुनियादी ढाँचे, प्रबंधन और पेशेवर सहायता प्रणालियों में दीर्घकालिक निवेश भी शामिल है, जो समग्र रूप से खेल उद्योग को सशक्त बनाते हैं।

ग्लोबल स्पोर्ट्स मेंटरिंग प्रोग्राम ने साझा की सफलता की रणनीतियाँ : वैद्य ने अमेरिकी विदेश विभाग के ग्लोबल स्पोर्ट्स मेंटरिंग प्रोग्राम में भाग लिया था, जिसका संचालन टेनेसी विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर स्पोर्ट, पीस एंड सोसाइटी द्वारा किया जाता है। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय खेल दिग्गजों को अमेरिकी मेंटर्स और संस्थानों से जोड़ता है ताकि खेल नेतृत्व और प्रबंधन से जुड़ी सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों का आदान-प्रदान किया जा सके।

इस आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान वैद्य ने देखा कि अमेरिकी खेल क्षेत्र में अनुसंधान, तकनीकी विशेषज्ञता और पेशेवर प्रबंधन किस प्रकार मिलकर कार्य करते हैं। इस अनुभव ने उन्हें यह समझने का अवसर दिया कि अमेरिकी संगठन ऐसे दीर्घकालिक तंत्र कैसे विकसित करते हैं जो खिलाड़ियों और खेल पेशेवरों दोनों का समर्थन करते हैं। वह कहती हैं, "चाहे कोचिंग हो, खेल विज्ञान हो या डेटा विश्लेषण, इन सभी क्षेत्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाता है और अनुसंधान का समर्थन प्राप्त होता है। यह कार्यप्रणाली मज़बूत तकनीकी कार्यक्रमों के विकास में योगदान देती है और ऐसे पेशेवरों को तैयार करती है जो अपने-अपने क्षेत्रों में उच्च स्तर की विशेषज्ञता प्रदर्शित करते हैं।"

इस कार्यक्रम ने उन्हें खेल क्षेत्र के अग्रणी लोगों से जुड़ने और यह बेहतर समझने का अवसर भी दिया कि अमेरिकी संस्थान नवाचार और पेशेवर विकास को बढ़ावा देने वाले नेटवर्क कैसे विकसित करते हैं। वैद्य कहती हैं, "मुझे प्रमुख खेल दिग्गजों से जुड़ने का अवसर मिला, जिसने व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के प्रति मेरे दृष्टिकोण को गहराई से प्रभावित किया। इस कार्यक्रम ने मुझे प्रभावी प्रणालियाँ लागू करने में सक्षम बनाया, जो भारत में एक सशक्त व्यवसाय स्थापित करने में योगदान देंगी।" अमेरिकी खेल व्यवस्था द्वारा स्कूलों और कॉलेजों को जोड़ना : अमेरिकी मॉडल की सबसे प्रमुख विशेषताओं में से एक है खिलाड़ी विकास में शैक्षणिक संस्थानों की मज़बूत भूमिका। स्कूल और कॉलेज खिलाड़ियों के लिए सुव्यवस्थित मार्ग तैयार करते हैं और साथ ही खेलों के व्यावसायिक विकास में भी योगदान देते हैं। वह कहती हैं, "अमेरिका में स्कूल और कॉलेज, दोनों स्तरों पर खेलों का एकीकरण खिलाड़ी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। अमेरिका में स्कूलों और कॉलेजों की खेल प्रणाली सुव्यवस्थित है और इसमें व्यावसायिक पहलू भी शामिल है। कई खिलाड़ियों का चयन कॉलेज प्रतियोगिताओं से राष्ट्रीय स्तर की लीग में भाग लेने के लिए किया जाता है, जिससे यह खेल प्रणाली राष्ट्रीय टीमों के लिए एक प्रभावी आधार तैयार कर पाती है।" उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढाँचे तक पहुँच के महत्व पर भी जोर दिया। उनके अनुसार, प्रारंभिक चरण में पेशेवर सुविधाओं का अनुभव खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में मदद करता है। वह बताती हैं, "शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध होने वाली पेशेवर स्तर की खेल सुविधाओं के चलते खेलों के विकास और प्रगति में मदद प्रदान हो जाती है।" खेल विज्ञान और पेशेवर सहायता : बुनियादी ढाँचे और प्रतियोगिता के मार्गों से आगे बढ़कर, वैद्य कहती हैं कि अमेरिकी प्रणाली की एक विशेषता यह भी है कि वह खिलाड़ी प्रशिक्षण और प्रदर्शन प्रबंधन में विशेषज्ञ पेशेवरों को किस प्रकार शामिल करती है। विश्लेषक, मनोवैज्ञानिक, प्रशिक्षक और अन्य विशेषज्ञ कोच के साथ मिलकर खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने और व्यापक खेल उद्योग को मज़बूत करने का कार्य करते हैं। वह कहती हैं, "अमेरिका में खेल विश्लेषकों और खेल मनोवैज्ञानिकों जैसे विशेषज्ञ पेशेवरों के महत्व और खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर उनके सकारात्मक प्रभाव के लिए व्यापक मान्यता प्राप्त है। कोच इन विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण और प्रतियोगिता में जो बेहतरी की जाती है, उसे स्वीकार करते हैं और उन्हें खेल प्रणाली का अनिवार्य हिस्सा मानते हैं।"

उन्होंने आगे कहा कि यह सहयोगात्मक दृष्टिकोण केवल खिलाड़ियों के प्रदर्शन में ही नहीं बल्कि खेलों के प्रबंधन और संगठन में भी नवाचार को प्रोत्साहित करता है। वैद्य कहती हैं, "इन पेशेवरों का समावेश खेल उद्योग के संगठनात्मक, प्रबंधकीय और तकनीकी क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देता है।"

खेल स्थल सामुदायिक जुड़ाव को कैसे बढ़ावा देते हैंः भोपाल सत्र के दौरान वैद्य ने प्रतिभागियों को खेलों को केवल प्रतियोगिता के रूप में नहीं बल्कि एक सामुदायिक अनुभव और आर्थिक विकास के साधन के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अमेरिका में खेल स्थल अक्सर ऐसे सामुदायिक केंद्रों की तरह कार्य करते हैं जो लोगों को एक साथ लाते हैं और खेलों के प्रति सहभागिता को बढ़ाते हैं। वह कहती हैं, "मेरा उद्देश्य था कि वे समझ सकें कि अमेरिकी स्कूल और कॉलेज खेल प्रणाली कैसे कार्य करती है।

मैं यह भी चाहती थी कि वे खेलों के सामुदायिक आयाम को समझें, जहाँ खेल स्थल केवल स्टेडियम नहीं होते, बल्कि लोगों के एकत्र होने के स्थान भी होते हैं।" वह कहती हैं कि सत्र का एक प्रमुख उद्देश्य ऐसे दीर्घकालिक तंत्रों के महत्व को रेखांकित करना भी था जो खेलों के सतत विकास में मदद देते हैं। वह बताती हैं, "मैं चाहती थी कि वे यह समझें कि खेलों में सफलता स्थापित प्रणालियों पर निर्भर करती है, केवल ओलिंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने से आगे बढ़कर टिकाऊ खेल व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता को समझें, और खेल स्थलों तथा आयोजनों को सामुदायिक सहभागिता के दृष्टिकोण से देखें।"

# अब वापस गांव लौटना शर्म की बात

**हरिशंकर व्यास**

देश में सबसे कम शहरीकरण वाला राज्य हिमाचल प्रदेश है और उसके बाद बिहार का नंबर आता है। इसके बाद असम, ओडिशा आदि राज्य आते हैं। इन राज्यों में शहरीकरण नहीं हुआ है लेकिन गांव लापता हो गए हैं। सवाल है कि कहां चले गए हैं गांव के लोग? वह भी इस समय जब खेती किसानी का समय है? पिछले दिनों एक रील सोशल मीडिया में वायरल हुई, जिसमें पंजाब में धान की रोपनी कर रहे बिहार के किसान अपनी पीड़ा बता रहे थे। वे बिहार के नौजवानों से कह रहे थे कि पंजाब में उनका जीवन कितना मुश्किल है। वे अपील भी कर रहे थे कि अगर पढ़ सकते हो तो पढ़ो और कुछ करो। इस रील में सवाल है कि जवाब है। देश के तमाम पिछड़े इलाकों, जिनमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, बंगाल का नाम खास तौर पर लिया जा सकता है, से गांव उठ कर दिल्ली, पंजाब, मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, वडोदरा, बेंगलुरू और हैदराबाद चले गए हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि गांव लापता हुए हैं और वहां के लोग देश के बड़े शहरों में चले गए हैं। गांवों से निकल कर ज्यादातर लोग अपने आसपास के शहरों मे गए हैं। अच्छे जीवन की तलाश में, बच्चों की अच्छी शिक्षा व बुजुर्गों के लिए अच्छी स्वास्थ्य सुविधा की तलाश में, शहर में मिलने वाली सुविधाओं की मृग मरीचिका में लोग गांव से निकल कर शहर में आ गए हैं या शहर के नजदीक आ गए हैं। 'राग दरबारीÓ में पहले ही पन्ने पर श्रीलाल शुक्ल ने लिखा है कि 'शहर का वह छोर, जहां से देहात का महासागर शुरू होता हैÓ। लेकिन अब शहर की सीमा के बाद देहात का महासागर नहीं दिखता है, बल्कि बेहद बदरंग रूप में शहर ही देहात तक पहुंच गया है या शहर ही देहात बन गया है।



लोग गांवों से निकल कर शहरों की ओर भागे तो शहर का भौगोलिक विस्तार तेजी से हुआ। शहर का विकास नहीं हुआ, सुविधाएं नहीं बढ़ीं सिर्फ भौगोलिक विस्तार हुआ। जैसे दिल्ली में भीड़ बढ़ती गई तो एनसीआर का दायरा बढ़ता गया वैसे ही बिहार के किसी शहर का विस्तार हुआ तो नगर निगम या नगरपालिका की सीमा बढ़ती गई। लोग इस बात से खुश हुए कि उनका गांव, टोला या मोहल्ल नगरपालिका की सीमा में आ गया। लेकिन नगरपालिका ने वैसी सुविधाएं भी विकसित नहीं की, जैसी पंचायत में उनको मिलती थी। राष्ट्रपति रहते एपीजे अब्दुल कलाम ने पुरा (पीयूआरए) यानी प्रोविजन ऑफ अर्बन एमेनिटीज टू रूरल एरियाज का जिक्र किया था, जिसे 2003 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने शुरू किया था। इसके तहत ग्रामीण इलाकों में शहरी सुविधाएं यानी सीवेज, पीने के पानी, अच्छी सड़क आदि की सुविधा देनी थी। दुर्भाग्य से उसके 23 साल बाद गांव उजाड़ पड़े हैं और शहरों में भी ये सुविधाएं पूरी तरह से नहीं मिल रही हैं।

गांव के लोग जिन चीजों की तलाश में शहर आए थे वो उनको मिली नहीं और वे गांव से उजड़ गए। शहरों में अच्छी शिक्षा के नाम पर कचरा ज्ञान फैलाने वाले निजी स्कूल और कोचिंग हैं। सरकारी स्कूलों की हालत बदतर है। सरकारी अस्पताल दिन ब दिन खराब हुए हैं तो निजी अस्पताल इतने महंगे हैं कि लोग उसे अफोर्ड नहीं कर सकते हैं। नौकरी और रोजगार की संभावना नगण्य है। लेकिन अब वापस गांव लौटना शर्म की बात मानी जाएगी। इसलिए संघर्ष कर रहे हैं। उधर गांवों में छोटी जोत वाले किसान भी खेत मजदूरों की तलाश में भटक रहे हैं। उनके घर के नौजवान भी अच्छे जीवन की उम्मीद लिए गांव से निकल गए हैं। वे भी कहीं किसी शहर या महानगर में भटक रहे हैं। थोड़े समय पहले तक गांवों में जहां चौपाल पर, मंदिर या मस्जिदों के चबूतरे पर या पेड़ की छांव में लोग बैठे दिखते थे वहां अब सन्नाटा है। सड़क पर कुछ महिलाएं तो दिखती हैं लेकिन कामकाजी उम्र के लोग लापता हैं।




**मेष राशि** : आज आपका दिन हर्षोल्लास से भरा रहेगा। आज आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की प्रतीक्षा आज समाप्त होगी नई पोस्ट पर कार्यभार व जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है लेकिन आप पूरी ईमानदारी से काम करेंगे। आज आप नया बिजनेस शुरू करने की योजना बनाएंगे जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**वृष राशि** : आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आपको एक अच्छे सकारात्मक माहौल में काम करने का मौका मिलेगा और कलीग्स के साथ आपके रिश्ते मित्रवत होंगे। आज घर माहौल सकारात्मक रहेगा रिश्तों में धैर्य बनाए रखें। नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन आनंदमय रहेगा। कारोबार में आज नए प्रयोग करने के बजाय वर्तमान कार्य योजनाओं को अच्छी तरह से मैनेज करना बेहतर होगा। आज रुके हुए काम पूरे होंगे साथ ही आपका सामाजिक रुतबा बढ़ेगा। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, नौकरी में सफलता के योग हैं, आज आपकी सैलरी बढ़ सकती है।

**कर्क राशि**: आज आपका दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबीलियत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में आज कार्यभार थोड़ा बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घरेलू जिम्मेदारियों के मध्य अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। संतान को लेकर उलझने आज दूर होगी। कंप्यूटर, मीडिया और डिजिटल काम से जुड़े लोगों को आज नए अवसर मिल सकते हैं ।

**सिंह राशि** : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने की संभावना है आप अपने निजी जीवन में चली आ रही उलझनों से छुटकारा पाने में कामयाब रहेंगे। आज पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। आज कार्य क्षेत्र में आपको मन मुताबिक सफलता मिलेगी। आज सरकारी नौकरी का प्रयास कर रहे लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है।

**कन्या राशि** : आज आपका दिन आपके जीवन मे कुछ नया बदलाव लाने वाला है। आज आपकी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएंगे साथ ही, वरिष्ठ लोगों की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। व्यापार के विकास के लिए आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे। आज आपकी कार्य योजनाएं सफल होंगी।**तुला राशि**: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज के दिन विवाह योग्य लोगों के लिए अच्छा रिश्ता आ सकता है। आज आप अपनी दिनचर्या में महत्वपूर्ण बदलाव करेंगे। आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। आज नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक राशि**: आज का दिन आपके जीवन में नयापन लेकर आने वाला है। आज आपकी मुलाकात कुछ नए लोगों से होगी। प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में सफलता मिलने के योग हैं। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज जनसंपर्क बढ़ाना फायदेमंद रहेगा। आज आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए पदोन्नति मिलेगी। अचानक आपके सामने कुछ चुनौतियां आएंगी।

**धनु राशि**: आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। इंश्योरेंस और कमीशन से जुड़े कामों में लाभ होगा। आज आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा और आपके पारिवारिक जीवन में सुख शांति बनी रहेगी।

**मकर राशि**: आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में नयी खुशियां आएंगी। बहुत समय से रुके हुए आज काम पूरे होंगे। आज कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आज आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

**कुंभ राशि** : आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आज आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। आज आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आज आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा। पिछले कुछ समय से चल रही किसी समस्या से आज राहत मिलेगी।

**मीन राशि**:आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी पुराने मामले को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में आएगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आज रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं। आपकी ये यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी प्रेम बढ़ेगा।

# इंडियाहैंडमेडः भारत की शिल्प विरासत के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म

**कांतिलाल मांडोत**

इंडियाहैंडमेड एक समर्पित डिजिटल मार्केटप्लेस है जो भारत की हथकरघा और हस्तशिल्प परंपराओं को ऑनलाइन अर्थव्यवस्था में लाता है। यह मंच कारीगरों और बुनकरों को सीधे खरीदारों से जोड़ता है, आजीविका और सांस्कृतिक संरक्षण का समर्थन करते हुए बाजार तक पहुंच का विस्तार करता है। यह जीआई-टैग और ओडीओपी वस्तुओं सहित विविध हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करता है, जिससे क्षेत्रीय शिल्प उत्पादों की विभिन्न स्थानों पर मौजूदगी बढ़ती है।

हस्तनिर्मित आजीविका के लिए एक डिजिटल इंडिया ब्रिजः भारत दुनिया की सबसे समृद्ध हथकरघा और हस्तशिल्प परंपराओं में से एक है। यह क्षेत्र न केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि समावेशी आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी है। भारत में वर्तमान में अनुमानित 64.66 लाख हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर हैं। इस कार्यबल में महिलाओं की काफी भागीदारी है। अगस्त 2025 के आंकड़ों के अनुसार महिलाएं हथकरघा बुनकरों में 71 प्रतिशत और कुल कारीगरों का 64 प्रतिशत हैं। यह मजबूत भागीदारी विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों में रोजगार और सशक्तिकरण का समर्थन करने में इस क्षेत्र की भूमिका को दर्शाती है।

बड़ी संख्या में कारीगरों और बुनकरों के बल पर यह क्षेत्र भारत के उभरते बाजार में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जैसे-जैसे वाणिज्य तेजी से डिजिटल होता जा रहा है, ऑनलाइन पहुंच इन शिल्प समुदायों को बाजार में भागीदारी बढ़ाने में मदद कर रही है। डिजिटल इंडिया पहल के माध्यम से, पारंपरिक आजीविका तेजी से डिजिटल व्यापार के अवसरों तक पहुंच प्राप्त कर रही है। इंडियाहैंडमेड को 2023 में लॉन्च किया गया। यह इस विजन को एक समर्पित डिजिटल मार्केटप्लेस में बदल देता है। वस्त्र मंत्रालय के तहत डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन द्वारा विकसित, यह प्लेटफॉर्म हस्तनिर्मित उत्पादों की मौजूदगी को बढ़ाता है और विक्रेताओं के लिए बाजार के व्यापक अवसर के द्वार खोलता है।

भारत में इंडियाहैंडमेड प्लेटफॉर्म की मुख्य विशेषताएंः इंडियाहैंडमेड विक्रेताओं, खरीदारों और शिल्प विरासत का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन की गई सुविधाओं के एक सेट के माध्यम से परंपराओं को ऑनलाइन बाजार में लाता हैः विशेष ऑनलाइन मार्केटप्लेसः यह बुनकरों और कारीगरों को अपने हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को ऑनलाइन बेचने में सक्षम बनाता है। खरीदारों की सीधी पहुंचः कारीगर और बुनकर सीधे खरीदारों से जुड़े हुए हैं, जिससे बिचौलियों को कम करने और उचित मुआवजे का समर्थन करने में मदद मिलती है।

अधिक मौजूदगीः प्लेटफ़ॉर्म इंडियाहैंडमेड उत्पादों को व्यापक ग्राहक आधार पर प्रदर्शित करता है, जिससे विक्रेताओं के लिए बाजार के अवसर बढ़ते हैं।

डिजिटल सशक्तिकरणः कारीगरों और बुनकरों को ऑनलाइन व्यापार में अधिक प्रभावी ढंग से भाग लेने के लिए डिजिटल उपकरण और मौजूदगी प्रदान की जाती है। वित्तीय और सामाजिक सशक्तिकरणः व्यापक बाजार पहुंच आजीविका को मजबूत करती है और आय के अवसरों का समर्थन करती है।

सांस्कृतिक संरक्षणः शिल्प-आधारित उत्पादों की एक विविध श्रृंखला भारत की हस्तनिर्मित विरासत को दृश्यमान रखती है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पारंपरिक कौशल को संरक्षित करने में मदद करती है।

इंडियाहैंडमेड सबसे अलग कैसेः पोर्टल को विश्वास, पहुंच और विक्रेता सशक्तिकरण के आसपास डिज़ाइन किया गया है। यह एक सहज बाज़ार प्रदान करता है, जहां कारीगर और बुनकर खरीदारों तक पहुंच सकते हैं और खरीदार अधिक आत्मविश्वास के साथ हस्तनिर्मित उत्पादों की खोज कर सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म रोजमर्रा के हस्तनिर्मित उत्पादों और मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय शिल्प के लिए एक क्यूरेटेड डिजिटल स्पेस प्रदान करता है। यह परिधान, घर की सजावट, साज-सज्जा, पेंटिंग, फर्नीचर, धार्मिक वस्तुओं, स्टेशनरी, संगीत वाद्ययंत्र, आभूषण, बैग और जूते सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। यह जीआई-टैग और ओडीओपी उत्पादों जैसी विशेष उत्पाद श्रेणियों पर भी प्रकाश डालता है। यह मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय शिल्प को अधिक मौजूदगी और एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है।

जीआई-टैग किए गए उत्पादः जीआई-टैग किए गए उत्पादों में एक भौगोलिक संकेत होता है, जो उन्हें एक विशिष्ट क्षेत्र, गुणवत्ता और प्रतिष्ठा से जोड़ता है। यह प्लेटफॉर्म विभिन्न प्रकार के जीआई-टैग वाले उत्पाद जैसे ऐपन कला, शुद्ध पश्मीना शॉल, डोकरा सजावट और मुंडू उत्पाद प्रदान करता है।

ओडीओपी उत्पादः एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल संतुलित क्षेत्रीय विकास का समर्थन करने के लिए प्रत्येक जिले से एक अद्वितीय उत्पाद की पहचान करती है और उसे बढ़ावा देती है। इस प्लेटफॉर्म में तंगेल साड़ी, बनारसी सिल्क उत्पाद, इकत, तसर सिल्क साड़ी, चंदेरी सिल्क और टेराकोटा उत्पाद शामिल हैं।

विश्वास बनाना और विक्रेता की भागीदारी को आसान बनाना

बेहतर पहुंच, बेहतर आश्वासनः खरीदारों को मुफ्त शिपिंग, खरीद सुरक्षा, सुरक्षित भुगतान और खरीदार समर्थन प्रणाली के माध्यम से अधिक विश्वसनीय खरीदारी अनुभव से लाभ होता है। यह प्रतिस्पर्धी कीमतों पर दस्तकारी उत्पादों की पेशकश करके विश्वास को भी मजबूत करता है।

विक्रेताओं के लिए सरल ऑनबोर्डिंगः यह मंच कारीगरों, बुनकरों और उत्पादक संगठनों को बाज़ार तक पहुँचने के लिए एक निर्देशित ऑनबोर्डिंग मार्ग प्रदान करता है। छोटे विक्रेताओं को डिजिटल व्यापार में लानाः जीएसटी पंजीकरण के बिना विक्रेता एक नामांकन आईडी का उपयोग करके पंजीकरण कर सकते हैं, जिसमें केवल अपने राज्य के भीतर बेचने का आदेश है। यह पोर्टल को छोटे कारीगरों और पहली बार डिजिटल विक्रेताओं के लिए अधिक समावेशी और सुलभ बनाता है।

बाज़ार के पीछे की सफलता की गाथाएंः इस प्लेटफॉर्म के पीछे कारीगर, बुनकर और उद्यम हैं जिनकी शिल्प परंपराएं डिजिटल व्यापार के माध्यम से फल-फूल रही हैं। सैंटम्र्स हस्तनिर्मित शिल्प की गर्मी को रोजमर्रा की जिंदगी में लाता है। लकड़ी की सजावट और सुगंधित मोमबत्तियों से लेकर टेराकोटा दीये, संगमरमर की मूर्तियों और हथकरघा साड़ियों तक, प्रत्येक उत्पाद पर्याप्त निगरानी, परंपरा और सुंदरता की सोच को दर्शाता है। दस्तकार क्राफ्ट बेंत और बांस उत्पादों के माध्यम से 500 से अधिक कारीगरों के कौशल को आधुनिक घरों में ले जाता है। वे उच्च-गुणवत्ता, निर्यात-योग्य उत्पाद बनाते हैं, जो समकालीन घरों में सहजता से फिट होते हुए भारत की विरासत का जश्न मनाते हैं। विलेज क्राफ्ट हथकरघा परंपराओं की सादगी और ताकत का जश्न मनाता है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची आठ टीमें में चार रही हैं पूर्व विजेता

**एजेंसी, अटलांटा**

फीफा विश्व कप फुटबॉल में आठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं जिनके बीच शुक्रवार से मुकाबले होंगे। इनमें से चार टीमें विजेता रही हैं। विश्वकप में कुल 104 मैच खेले जाने हैं, जिनमें से 96 मुकाबले अब तक हुए हैं। वहीं 40 टीमें बाहर हो गयी हैं, और अब केवल 8 सर्वश्रेष्ठ टीमें ही मुकाबले में बची हैं। इनमें से 4 टीमें सेमीफाइनल 2 फाइनल में पहुँचेंगी और अंत में एक के नाम खिताब होगा। फीफा विश्व कप 2026 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली आठ टीमें हैं। फ्रांस, मोरक्को, स्पेन, बेल्जियम, नॉर्वे, इंग्लैंड, अर्जेंटीना और स्विट्जरलैंड। इनमें से छह टीमें यूरोप की हैं। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में फ्रांस का मुकाबला 10 जुलाई को देर रात 1:30 बजे मोरक्को से होगा। इसके बाद 11 जुलाई को देर रात 12:30 बजे स्पेन और बेल्जियम के बीच टक्कर होगी। 12 जुलाई को सुबह 2:30 बजे नॉर्वे इंग्लैंड से खेलेगी जबकि सुबह 6:30 बजे अर्जेंटीना का मुकाबला स्विट्जरलैंड से होना है। इन चार मुकाबलों के विजेता सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगे। क्वार्टर फाइनल में पहुंचीचार टीमें फ्रांस, स्पेन, इंग्लैंड और अर्जेंटीना ने पहले भी खिताब जीता है। वहीं मोरक्को, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और बेल्जियम पहली बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी। अर्जेंटीना ने 1978, 1986 और 2022 में तीन बार विश्व कप जीता है, वहीं फ्रांस ने 1998 और 2018 में दो बार यह गौरव हासिल किया है, जबकि इंग्लैंड (1966) और स्पेन (2010) ने एक-एक बार फीफा विश्व कप का खिताब जीता था।



जहां तक अन्य चार टीमों की बात है। मोरक्को, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और बेल्जियम आज तक विश्व कप फाइनल में नहीं पहुंची हैं। मोरक्को विश्व कप 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंची थी। वहीं स्विट्जरलैंड चार बार 1934, 1938, 1954 और इस बार 2026 में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी। बेल्जियम ने 2018 फीफा विश्व कप में तीसरा स्थान हासिल किया था। नार्वे की बात करें तो इसी बार वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंची है। अब देखना होगा कि चार पूर्व विजेताओं में से कोई टीम खिताब जीतती है या किसी नई टीम को अवसर मिलता है।

## विश्वनाथ और चंद्रिका के नेतृत्व में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में उतरेगी भारतीय टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशियाई चैंपियन विश्वनाथ सुरेश और विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में स्वर्ण विजेता रही चंद्रिका भोरेश पुजारी की अगुवाई में भारतीय मुक्केबाजी दल शुक्रवार से इंडोनेशिया में शुरू होने वाली अंडर-23 और अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पदक जीतने के इरादे से उतरेगा। भारतीय टीम में दोनों आयु वर्गों के लिए प्रतिभाशाली मुक्केबाज शामिल हैं, जिनसे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। इस चैंपियनशिप से भारतीय युवा मुक्केबाजों के लिए अपनी प्रतिभा और कौशल को एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ साबित करने का एक बेहतरीन अवसर मिलेगा। भारतीय टीम ने इस प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय शिविर में प्रशिक्षण हासिल किया है। जिससे उसका लक्ष्य एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीतना रहेगा। टीम में शामिल मुक्केबाज न केवल अपने लिए, बल्कि देश के लिए भी गौरव हासिल करने को उत्सुक हैं। अंडर-23 पुरुष वर्ग में, 50 किग्रा भार वर्ग के एशियाई चैंपियन विश्वनाथ सुरेश टीम का नेतृत्व करेंगे। उनके साथ गंगा (55 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा), वंशज (65 किग्रा), हितेश (70 किग्रा), नीरज (75 किग्रा), आर्यन मलिक (80 किग्रा), रॉकी चौधरी (85 किग्रा), हेमंत सांगवान (90 किग्रा) और इशान कटारिया (90 किग्रा) जैसे प्रतिभाशाली मुक्केबाज शामिल हैं। यह एक अनुभव और युवा जोश का मिश्रण है, जो टीम को मजबूती प्रदान करता है। वहीं महिला अंडर-23 टीम की अगुवाई निधि (48 किग्रा) और तनु (51 किग्रा) करेंगी। इस टीम में निशा (54 किग्रा), प्राची (57 किग्रा), निकिता चंद (60 किग्रा), काजल (65 किग्रा), शिवानी (70 किग्रा), मुस्कान (75 किग्रा), नैना (80 किग्रा) और प्रियंका (80 किग्रा) जैसी कई और प्रतिभाशाली मुक्केबाज भी हैं, जिनसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। ये सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता साबित कर चुकी हैं और अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ने को तैयार हैं।



## बाबर आजम को फिर से टी20 कप्तान बना सकता है पीसीबी

**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अनुभवी बल्लेबाज बाबार आजम को एक बार फिर टी20 में भी कप्तान बना सकता है। बाबर पहले भी इस प्रारुप में कप्तान रहे हैं और उनका कार्यकाल अच्छा रहा है। हाल में जिस प्रकार से उन्हें टेस्ट में कप्तानी मिली है। उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि अब इस बल्लेबाज को आगामी मैचों से पहले टी20 टीम की कप्तानी फिर से सौंपी जा सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, पीसीबी राष्ट्रीय टीम के हाल के प्रदर्शन की समीक्षा करने के बाद सबसे छोटे फॉर्मेट में नेतृत्व परिवर्तन पर विचार कर रहा है। यदि इस निर्णय को अंतिम रूप दिया जाता है, तो बाबर एक बार फिर सलमान अली आगा की जगह लेंगे, जो बदलाव के दौर में टीम की कमान संभाल रहे थे पर उनका कार्यकाल अच्छा नहीं रहा है। बोर्ड एक बार फिर देश के सबसे अनुभवी खिलाड़ी पर अपना भरोसा जता सकता है। हालांकि, पीसीबी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है पर रिपोर्टों में कहा गया है कि बाबर का नाम सबसे आगे चल रहा है। पाकिस्तान को आगामी अंतरराष्ट्रीय मैचों और आईसीसी इवेंट्स के लिए तैयारी करनी है। बाबर पहले भी तीनों प्रारुपों में पाकिस्तान की कप्तानी कर चुके हैं और टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्हें अच्छी सफलता मिली थी। उनकी कप्तानी में पाकिस्तान 2021 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा था और 2022 के संस्करण में उपविजेता रहा था।



## आईसीसी ने वेस्टइंडीज पर लगाया जुर्माना, डब्लयूटीसी अंक भी काटे

**एजेंसी, दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) धीमी ओवर गति के लिए वेस्टइंडीज टीम पर जुर्माना लगाते हुए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत काट लिया और साथ ही उनके महत्वपूर्ण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) के दो अंक भी घटा दिए, इससे कैरेबियाई टीम को अंकतालिका में नुकसान हुआ है। वहीं मेजबान वेस्टइंडीज ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 1-0 की ऐतिहासिक जीत हासिल की थी पर आईसीसी के इस कदम से उसकी खुशियों पर पानी फिर गया है। आईसीसी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ये कार्रवाई नॉर्थ साउंड, एंटीगुआ और बारबुडा में खेले गए टेस्ट मैच के बाद की। वहीं एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के जवागल श्रीनाथ ने वेस्टइंडीज को निर्धारित समय में समय दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाया। ऐसे में उसे आचारसंहिता के उल्लंघन का आरोपी पाया गया। न्यूनतम ओवर-रेट नियम के तहत तय समय में प्रत्येक ओवर पूरा न करने पर खिलाड़ियों पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है, जिसकी अधिकतम सीमा मैच फीस के 50 प्रतिशत तक हो सकती है। वहीं वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज ने इस सजा को स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित सजा को मान लिया, जिससे किसी औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी।

## वैभव विरोधी गेंदबाजों से सतर्क रहें : पठान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को एक महत्वपूर्ण सलाह दी है। पठान का मानना है कि 15 वर्षीय इस प्रतिभाशाली बल्लेबाज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में असली परीक्षा अब शुरू हो रही है। अपने करियर की शानदार शुरुआत के बाद, इस क्रिकेटर को अब विरोधी गेंदबाजों की रणनीतियों का सामना करने और उनसे पार पाने के लिए तैयार रहना होगा। पठान ने इस बात पर जोर दिया कि वैभव का निडर और स्वाभाविक खेल बना रहना चाहिए, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि लगातार और दीर्घकालिक सफलता हासिल करने के लिए विरोधी टीमों की रणनीतियों के हिसाब से खुद को ढालना अत्यंत आवश्यक है। पठान ने स्पष्ट किया, इसमें कोई शक नहीं कि वह एक खास प्रतिभा है, लेकिन उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि वह गेंदबाजों की हर चाल का सामना करने के लिए मानसिक और तकनीकी रूप से तैयार रहे। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए समझाया, जैसे अगर आप इंग्लैंड में स्पिनरों के खिलाफ आगे बढ़कर खेलना चाहते हैं, तो यह कोई बुरा विकल्प नहीं है क्योंकि वहां गेंद आमतौर पर ज्यादा टर्न नहीं होती। लेकिन, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपको अपना संतुलन बनाए रखना होगा और गेंद से बहुत ज्यादा दूर नहीं जाना होगा, ताकि आप हर स्थिति में नियंत्रण बनाए रख सकें।



पठान ने इस युवा खिलाड़ी के दृढ़ इरादे और आत्मविश्वास की भरपूर तारीफ की। उन्होंने खुशी जताई कि वैभव ने अपने पहले कुछ अंतरराष्ट्रीय मैचों में, विशेष रूप से दूसरे और तीसरे टी20 में, अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल छोड़ने से परहेज नहीं किया।

# बिजनेस

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में मामूली तेजी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में आज सोना 1,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,130 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने के भाव 1,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,630 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गए हैं। चांदी की बात करें, तो इस चमकीली धातु की कीमत में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक तेजी दर्ज की गई है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,43,120 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,190 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,32,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,43,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,44,540 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,32,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,43,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,43,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,31,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,43,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,31,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ने कुलांचे भरना शुरू कर दिया। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.68 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट की दिग्गज कंपनियां में से एटरनल, सन फार्मास्युटिकल्स, भारती एयरटेल, मैक्स हेल्थकेयर और नेस्ले के शेयर 3.91 प्रतिशत से लेकर 1.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, इंफोसिस, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, टीसीएस और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.87 प्रतिशत से लेकर 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,725 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,364 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 361 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला लेजर पावर एंड इंफ्रा का आईपीओ, 16 जुलाई को हो सकती है लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पावर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी लेजर पावर एंड इंफ्रा का 742 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 13 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 14 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 15 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 16 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। आज दोपहर 11:30 बजे तक इस आईपीओ को सिर्फ छह प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 203 रुपये से लेकर 214 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 70 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 70 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,980 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,94,740 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 910 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत पांच रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 3,46,72,896 करोड़ शेयर बेचे जा रहे हैं। इनमें 542 करोड़ रुपये के 2,53,27,102 नए शेयर जारी किए जा रहे हैं, जबकि 200 करोड़ रुपये के 93,45,794 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 50 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि एमयूजीएफ इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। लेजर पावर एंड इंफ्रा की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 40.41 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 106.75 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ उछल कर 151.59 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 1,763.65 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में शानदार बढ़ोतरी के साथ 2,592.53 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में गिरावट आई।




## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला हैप्पी स्टील्स का आईपीओ,13 जुलाई तक लगा सकते हैं बोली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और डिफेंस एप्लिकेशंस के लिए एक्सल, साफ्ट और स्पिंडल्स जैसी चीजों का निर्माण करने वाली कंपनी हैप्पी स्टील्स लिमिटेड का 25 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 13 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 14 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 15 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 16 जुलाई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। आज दोपहर 11 बजे तक इस आईपीओ को सिर्फ पांच प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 62 रुपये से लेकर 66 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 4,000 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,64,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 37.88 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 47.47 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 33.26 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.26 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.01 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए शेयर इंडिया कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है।



## केंद्र ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के प्रमुख कलपुर्जों पर मूल सीमा शुल्क माफ किया

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने स्मार्टफोन, लैपटॉप, वियरेबल्स (स्मार्टवॉच, फिटनेस बैंड) और स्मार्ट टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज बनाने में इस्तेमाल होने वाले सामान से बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) हटा दी है। यह छूट 31 मार्च, 2029 तक लागू रहेगी, जो गुरुवार से प्रभावी हो गई है। वित्त मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले इन तीन प्रमुख कलपुर्जों के विनिर्माण में उपयोग होने वाले सामान पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) छूट लागू करने के लिए तीन अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। अधिसूचना के मुताबिक सरकार ने देश में घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण को बढ़ावा देने और आयात निर्भरता कम करने के लिए डिस्प्ले असेंबली, लिथियम-आयन सेल और इंडक्टर कॉयल मॉड्यूल के निर्माण में उपयोग होने वाले सामान पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) माफ कर दिया है। मंत्रालय के मुताबिक सरकार ने यह कदम स्मार्टफोन, लैपटॉप, वियरेबल्स और स्मार्ट टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। यह छूट उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों के अनुरूप है। बीसीडी में शुल्क में ये छूट आयात पर निर्भरता कम करेगी और स्थानीय विनिर्माण के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक्स परिवेश को मजबूत करेगी।

## एडीबी ने 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.60 फीसदी किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बाद अब एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा कीमतों में संभावित बढ़ोतरी के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 6.90 प्रतिशत से घटाकर 6.60 फीसदी कर दिया है। एडीबी ने गुरुवार को जारी एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) जुलाई 2026 रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए घटाकर 6.6 फीसदी किया गया है। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2027-28 के लिए इसे 7.3 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। हालांकि, आर्थिक वृद्धि दर में इस कमी के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट में कहा गया, ''चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान अप्रैल में लगाए गए 6.9 फीसदी से घटाया गया है क्योंकि ऊर्जा की ऊंची कीमतों से वास्तविक आय पर दबाव पड़ रहा है।'' इस रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2027-28 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को अप्रैल के स्तर पर ही रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और मौसम संबंधी कारणों से कृषि क्षेत्र में संभावित कमजोरी जैसे जोखिम बने हुए हैं। एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट में महंगाई (मुद्रास्फीति) के अनुमान को अप्रैल के 4.5 फीसदी से बढ़ाकर 5.2 फीसदी कर दिया गया है। हालांकि, वित्त वर्ष 2027-28 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान चार फीसदी पर बरकरार रखा गया है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारतीय अर्थव्यवस्था 2026-27 में 6.4 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है, जो अप्रैल में लगाए गए 6.5 फीसदी के अनुमान से थोड़ा कम है। वहीं, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने भी 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान पिछले महीने 6.9 फीसदी से घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया था।




फिल्म

# राघव जुयाल की फिल्म भाई तेरा स्टार है का टीजर जारी, 30 जुलाई को सिनेमाघरों में होगी रिलीज



राघव जुयाल अपनी सोलो फिल्म भाई तेरा स्टार है के जरिए सिनेमाघरों में आने को तैयार हैं। हाल ही में मोशन पोस्टर आया था। ज्यादा इंतजार न कराते हुए निर्माताओं ने इसका टीजर जारी कर दिया है। फिल्म में राघव अजय सिंह नाम का ऐसा किरदार निभा रहे हैं, जो दिन-रात सिर्फ हीरो बनने का सपना देखता है। निर्देशन की कमान विवेक बी. अग्रवाल ने संभाली है। निर्माण ईस्टवुड पिक्चर्स और इंडियन स्टोरीज 2 के बैनर तले किया गया है। टीजर की शुरुआत राघव के किरदार से होती है, जो खुद को रॉकिंग रिबेल सुपर अल्ट्रा फ्यूचर स्टार बताकर अपना परिचय कराता है। ये ऐसा किरदार हैं, जो हीरो बनने के लिए झूठ बोलने से नहीं कतराता और खुद को सुपरस्टार समझता है। कहानी बॉलीवुड और उसके पीछे छिपे संघर्षों से पर्दा उठाती है। फिल्म में निहारिका एनएम (यूट्यूबर), संजय कपूर, बरखा सिंह और चंदन रॉय सान्याल भी मौजूद हैं। यह 30 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राघव को पहचान टीवी शो डांस इंडिया डांस से मिली थी, जिसमें उन्होंने प्रतियोगी बनकर हिस्सा लिया। साल 2014 में फिल्म सोनाली केबल से अपना फिल्मी डेब्यू किया। इसके बाद रेमो डिसूजा की फिल्म एबीसीडी एबीसीडी 2 और स्ट्रीट डांसर में नजर आए। लक्ष्य लालवानी के साथ फिल्म किल (2023) में नकारात्मक और खूंखार किरदार निभाकर राघव ने खूब चर्चा बटोरी। उन्हें आखिरी बार वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड (2025) में देखा गया था।



# ज्योति पूर्वज और पूर्वज अभिनीत सनसनीखेज

## विज्ञान-फाई थ्रिलर किलर का विशेष पोस्टर जारी

ज्योति पूर्वज और पूर्वज अभिनीत सनसनीखेज विज्ञान-फाई थ्रिलर किलर उद्योग में महत्वपूर्ण चर्चा पैदा कर रही है। फिल्म में मनीष गिलाडा, चंद्रकांत कोल्लू, विशाल राज, अर्चना अनंत और गौतम चक्रधर कोप्पीशेट्टी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पूर्वाज और ए. पद्मनाभ रेड्डी द्वारा थिंक सिनेमा और एयू एंड आई स्टूडियोज के बैनर तले और ध्यानम नन्नागारू के आशीर्वाद से निर्मित इस फिल्म को उर्वेश पूर्वाज ने प्रस्तुत किया है और इसका निर्देशन भी पूर्वाज ने ही किया है। व्यापक वीएफएक्स कार्य सहित संपूर्ण पोस्ट-प्रोडक्शन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, फिल्म अब भव्य थिएटर रिलीज के लिए तैयार है। बेहद प्रतिभाशाली अभिनेत्री ज्योति पूर्वाज के फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का एक विशेष पोस्टर जारी किया। पोस्टर में ज्योति एक शक्तिशाली और रहस्यमयी सुपर शी के किरदार में नजर आ रही हैं, जिनका दमदार लुक सबका ध्यान खींच लेता है। उनकी इस आकर्षक उपस्थिति की तुलना एंजेलिना जोली के फिल्म मैलीफिसेंट के यादगार लुक से की जा रही है। ज्योति पूर्वाज का सुपर शी के रूप में अभिनय दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। निर्देशक पूर्वाज किलर के साथ एक अविस्मरणीय सिनेमाई ब्रह्मांड का निर्माण कर रहे हैं। फिल्म के निर्देशन के अलावा, वे सीएनए एकीकरण और आरओवाई प्रोटोकॉल पर काम करने वाले एक वैज्ञानिक की भूमिका भी निभाएंगे, जिससे कहानी में एक और दिलचस्प मोड़ आएगा। फिल्म की प्रगति के बारे में बात करते हुए निर्देशक पूर्वाज ने कहा: फिल्म किलर का पोस्ट-प्रोडक्शन कार्य पूरा हो चुका है। फिल्म में कई हाई-एंड वीएफएक्स शॉट्स होने के कारण इन्हें पूरा करने में थोड़ा अतिरिक्त समय लगा। अब सभी वीएफएक्स कार्य पूर्ण हो चुके हैं। साथ ही, व्यावसायिक बातचीत भी सुचारू रूप से चल रही है। कई प्रमुख वितरकों और खरीदारों ने हमारे निर्माताओं के साथ फिल्म देखी है और अंतिम परिणाम से प्रसन्नता व्यक्त की है। हम जल्द ही व्यावसायिक सौदे पूरे करेंगे, सेंसर की औपचारिकताएं पूरी करेंगे और किलर को भव्य थिएटर रिलीज के साथ दर्शकों तक पहुंचाएंगे।



## मालविका मोहनन का बोल्ड लुक देख फैंस हुए लट्टू, एक्ट्रेस ने बिकिनी में ढाया कहर, इंटरनेट का बढ़ा तापमान

अभिनेत्री मालविका मोहनन आजकल सोशल मीडिया पर छाई हुई है. उनके सोशल मीडिया पर छाने की वजह से उनकी खूबसूरत फोटोज. जो आजकल इंटरनेट पर वायरल हो रही है. आपको बता दें कि मालविका मोहनन फैन्स की फेवरेट हीरोइन में से एक हैं. मालविका इंटरनेट पर भी काफी सक्रिय रहती हैं और फैन्स को सरप्राइज करने का मौका नहीं छोड़ती हैं. अब अभिनेत्री ने बिकिनी फोटोज से सोशल मीडिया पर पर हंगामा मचा दिया है. अभिनेत्री मालविका ने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर अपनी बिकिनी फोटोज साझा की हैं, जिसमें उनका बोल्ड लुक दिखा. पेस्टल कलर की बिकिनी में मालविका किलर लगीं. बिकिनी को उन्होंने प्रिंटेड स्कार्फ से कवर किया हुआ था, जो ट्रॉपिकल लुक के लिए एकदम परफेक्ट है. नीले आसमान, रेत और पेड़ों के बीच मलाविका का हॉलिडे आउटफिट कम्फर्ट, एलीगेंस और मॉडर्न बीचवियर को दर्शाता है.जब बात हॉलिडे ड्रेसिंग की आती है, मलाविका मोहनन को पता है कि बिना किसी दिखावे के स्टाइल कैसे बनाए रखना है. उनका लेटेस्ट बीच लुक फ्रेश, मिनिमल और लग्जरी आइलैंड गेटअवे के लिए एकदम सूट करता है. अभिनेत्री मलाविका मोहनन रेत पर पेस्टल टोन की सॉफ्ट बिकिनी में क्लासी लुक से ध्यान खींचती दिखीं. स्टाइलिंग को मिनिमल रखते हुए मलाविका ने अपने आउटफिट के साथ मेटालिक बैंगल्स का स्टैक पहना. लंबे स्टेटमेंट इयररिंग, ओपन हेयर और लाइट मेकअप से उन्होंने अपना लुक कंप्लीट किया. उनका दमकता हुआ चेहरा धूप में और भी निखरा दिखा.फैन्स मालविका के बिकिनी लुक को परफेक्ट और क्लासी बता रहे हैं. फैन्स फायर इमोजी बनकर उनके बिकिनी लुक को एक नंबर बता रहे हैं. आपको बता दें कि मालविका मोहनन ने कई मूवीज में अभिनय कर चुकी हैं.



# आलिया भट्ट की अल्फा को चौथे दिन झटका, गिरी फिल्म की दैनिक कमाई

## वेलकम टू द जंगल की रफ्तार भी पड़ने लगी धीमी

आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की जासूस एक्शन थ्रिलर फिल्म अल्फा को तगड़ा झटका लगा है। वीकेंड पर शानदार कमाई करने के बाद फिल्म कारोबारी दिनों में आ चुकी है और इसी के साथ आंकड़ों में भारी गिरावट भी देखने को मिली है। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की यह 7वीं कड़ी है, जिसमें बॉबी देओल और अनिल कपूर भी मौजूद हैं। दूसरी ओर, वेलकम टू द जंगल भी बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है। आइए देखें ताजा कलेक्शन। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन सोमवार को 3.85 करोड़ रुपये कमाए हैं। वीकेंड पर इसने तीसरे दिन 13.25 करोड़, दूसरे दिन 11.50 करोड़ और पहले दिन 9.25 करोड़ रुपये कमाए थे। चौथे दिन सबसे कम कलेक्शन करने के बाद फिल्म की कुल नेट कमाई 37.85 करोड़ रुपये हो पाई है। विश्व स्तर पर अल्फा का कलेक्शन अब तक 63.64 करोड़ रुपये हुआ है। इससे करीब 100 करोड़ रुपये के बजट को पार करना काफी मुश्किल होगा। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी और अरशद वारसी जैसे सितारों से सजी फिल्म वेलकम टू द जंगल दूसरे हफ्ते में आकर फीकी पड़ने लगी है। सैकनिल्क के मुताबिक, इसने रिलीज के 11वें दिन कुल 2.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। घरेलू स्तर पर फिल्म का कुल नेट कलेक्शन 117.55 करोड़ रुपये हो चुका है, जबकि वर्ल्डवाइड इसने 170.35 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। अहमद खान द्वारा निर्देशित फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन स्टारर कॉकटेल 2 भी अब बॉक्स ऑफिस पर ठंडी पर रही है और ये अब लाखों में सिमट गई है. बता दें कि 18वें दिन यानी तीसरे मंडे को इस फिल्म ने महज 40 लाख रुपये कमाए, जिससे इसका कुल घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 92.95 करोड़ रुपये हो गया. फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है.





# पानी आधारित बनाम दूध आधारित टोनर: कौन-सा विकल्प है किस तरह की त्वचा के लिए सही?



टोनर त्वचा की देखभाल का एक जरूरी उत्पाद है, जो चेहरे की सफाई के बाद त्वचा को ताजगी और नमी देने में मदद करता है। बाजार में कई तरह के टोनर मिलते हैं, जिनमें से पानी आधारित और दूध आधारित टोनर सबसे ज्यादा चर्चित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि इन दोनों में से किसका उपयोग किसे करना चाहिए? आइए जानते हैं कि पानी आधारित टोनर और दूध आधारित टोनर में से किसका चयन बेहतर होता है।

पानी आधारित टोनर क्या है और इसका उपयोग कैसे करें?

पानी आधारित टोनर प्राकृतिक तत्वों से बने होते हैं और इनका मुख्य उद्देश्य त्वचा को नमी देना और उसे पोषण देना होता है। ये हल्के होते हैं और जल्दी त्वचा में समा जाते हैं, जिससे त्वचा को ताजगी मिलती है। इनका उपयोग करने का तरीका है कि चेहरे को साफ करने के बाद सूती कपड़े पर थोड़ा-सा टोनर लेकर हल्के हाथों से पूरे चेहरे पर लगाएं। यह त्वचा को साफ करने के साथ-साथ उसे नमी भी प्रदान करता है। दूध आधारित टोनर में दूध के पोषक तत्व होते हैं, जो त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं। ये टोनर खासकर सूखी त्वचा वालों के लिए फायदेमंद होते हैं, क्योंकि ये त्वचा को गहराई से नमी देते हैं और मुलायम बनाते हैं। इसका उपयोग करने के लिए एक सूती कपड़े पर थोड़ा-सा टोनर लेकर हल्के हाथों से



पूरे चेहरे पर लगाएं। यह त्वचा को नमी देने के साथ-साथ उसे मुलायम भी बनाता है। पानी आधारित टोनर सभी प्रकार की त्वचा वालों के लिए उपयुक्त होते हैं, लेकिन खासकर तैलीय और मिश्रित त्वचा वालों के लिए ये अधिक फायदेमंद होते हैं। ये टोनर त्वचा के अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करते हैं और रोमछिद्रों को छोटा करने में मदद करते हैं। इसके अलावा ये टोनर त्वचा की ताजगी बनाए रखते हैं और इसे नमी देते हैं। अगर आपकी त्वचा तैलीय या मिश्रित है तो पानी आधारित टोनर आपका सही चयन हो सकता है। दूध आधारित टोनर सूखी त्वचा वालों के लिए बेहतरीन होते हैं, क्योंकि इनमें मौजूद दूध के तत्व त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं। यह टोनर खासकर सर्दियों में बहुत फायदेमंद होते हैं, जब हवा में नमी कम होती है और त्वचा सूखी हो जाती है। इसे उपयोग करने पर त्वचा मुलायम और नमी युक्त महसूस होती है। अगर आपकी त्वचा सूखी है तो दूध आधारित टोनर आपका सही चयन हो सकता है।

# पंकज त्रिपाठी की फिल्म ओह माय डॉग का टीजर जारी, दिल छूने को तैयार भावुक कहानी

'ओह माय गॉड 2 जैसी सफल फिल्म देने वाले निर्देशक अमित राय अब दर्शकों के लिए एक कहानी लेकर आ रहे हैं जिसका नाम है-ओह माय डॉग। फिल्म की टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ओह माय डॉग की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह प्यार, दोस्ती, दया और करुणा जैसे विषयों को दिखाते हुए 250 से ज्यादा कुत्तों को शामिल करती है।

फिल्म ओह माय डॉग में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे। इस फिल्म में 250 से ज्यादा कुत्ते हैं। वहीं ऑस्कर और ब्रूनो नाम के प्रशिक्षित डॉग्स भी फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह फिल्म एक छोटे बच्चे और कुत्ते के बीच के खूबसूरत रिश्ते की दिल को छू लेने वाली कहानी बताती है।



# Jaishankar reviews India-Kuwait strategic ties during official visit



**New Delhi, Agency:** External Affairs Minister S Jaishankar paid an official visit to Kuwait, where he held high-level meetings with the country's top leadership to review the India-Kuwait Strategic Partnership and discuss key regional and global developments, the Ministry of External Affairs stated on Thursday.

During the visit, Jaishankar called on Kuwait's Crown Prince, His Highness Sheikh Sabah Al-Khaled Al-Hamad Al-Mubarak Al-Sabah, and Prime Minister His Highness Sheikh Ahmad Abdullah Al-Ahmad Al-Sabah. The External Affairs Minister also held separate meetings with Defence Minister Sheikh Abdullah Ali Abdullah Al-Salem Al-Sabah and Foreign Minister Sheikh Jarrah Jaber Al-Ahmad Al-Sabah.

According to an MEA official, the discussions focused on reviewing the progress of the India-Kuwait Strategic Partnership and exchanging views on regional and international issues of mutual interest.

Jaishankar also interacted with members of the Indian community in Kuwait and commended their continued contribution to strengthening the multifaceted relationship between the two countries, the statement added.

India and Kuwait share longstanding ties rooted in centuries of maritime trade and people-to-people exchanges. India was among the first countries to establish diplomatic relations with Kuwait after its independence in 1961, and the two nations celebrated the 60th anniversary of diplomatic ties in 2021-22.

Bilateral relations received a major boost when Prime Minister Narendra Modi visited Kuwait in December 2024, the first visit by an Indian Prime Minister to the Gulf nation in over four decades.

## US indictments underscore the heavy footprint of Punjab gangs



**New Delhi, Agency:** Abandoning the traditional underworld's strict code of secrecy, Lawrence Bishnoi openly rewrote the rules of organised crime, pioneering an audacious digital branding strategy that replaced anonymity with the weaponised spectacle of performative violence. His network actively filmed hits and broadcasted screenshots as online "press releases" within minutes of the trigger being pulled to cultivate a global brand.Ultimately, it is this social media bragging that became their undoing, drawing the attention and ire of international law enforcement and culminating in a sweeping US indictment.

This unprecedented retaliation by the US law enforcement agency once again put the spotlight squarely on the vast network of Punjab-based gangs that have evolved into a high-profile transnational network.

The US indictments underscore the heavy footprint of Punjab's criminal underworld, prominently implicating figures such as Jaggu Bhagwanpuria, Sukhraj Kang, Goldy Brar, and Ravinder Singh Dhanda alongside Lawrence Bishnoi, who all rode the wave of illegal immigration to enter the US and Canada. Amid this dominant Punjab-centric network, Rohit Godara stands out as the sole high-ranking operative from Rajasthan.

The indictments say that Brar, a childhood friend of defendant Bishnoi, directed the North American operations, Sukhraj Singh Kang operated from India, while Godara directed the European operations of the network. The unsealed documents also detail Bishnoi's infiltration into the trucking business, which has a large number of youths from Punjab, alleging that it was heavily used for transporting drugs. It mentions how Bishnoi, Kang and Brar coordinated with fellow members to plan routes and secure protection for long-haul semi-trucks smuggling cocaine and methamphetamine across the US and to the Canadian border.

It goes on to detail how the quartet targeted prominent cultural, political and business leaders in India and diaspora communities outside of India. "The trio frequently claimed public responsibility for these violent acts, including through videos and written messages publicly posted online. The Bishnoi OCG (organised crime group) used the high-profile violence and its public promotion to cultivate a widespread climate of fear and to fuel the notion that it was beyond the reach of law enforcement," the documents say while citing the cases of Sidhu Moose Wala, Salman Khan and others.



## GER hits 30%, but pace lags 2035 target

**New Delhi, Agency:** India's higher education system is still expanding, but the latest numbers suggest it is not expanding fast enough to make the National Education Policy's 50% Gross Enrolment Ratio (GER) target by 2035 look comfortably within reach. The education ministry's All India Survey on Higher Education (AISHE) 2023-24 report, released on Wednesday along with the 2022-23 report, shows total enrollment rising from 4.33 crore in 2021-22 to 4.46 crore in 2022-23 and 4.50 crore in 2023-24. GER moved from 28.4% to 29.5% and then to 30.0% over the same period.

Enrolment grew by around 13 lakh between 2021-22 and 2022-23, but only by about 3.7 lakh in 2023-24. GER improved by 1.1 percentage points in 2022-23, but only 0.5 percentage point in 2023-24. At the latest annual pace, India would be nowhere near 50% by 2035; to reach that mark from the current 30.0%, the system would need to add roughly 1.8 percentage points every year. The latest report says AISHE "underscores India's continued progress towards an equitable, inclusive, and expanding higher education system," but also points to "areas requiring targeted policy intervention to improve quality, regional balance, and institutional capacity."

## Disinheriting loving wife makes will suspicious: SC



**New Delhi, Agency:** Courts will view a will with suspicion if its maker, despite sharing a lifelong loving relationship with his wife, seeks to disinherit her and bequeaths the property to distant relatives, Supreme Court has said.

Doubts over the genuineness of such a will, allegedly penned by an illiterate agriculturist 18 years before his death, gave a widow from Himachal Pradesh the right to retain ancestral property after a 33-year-long legal battle. The woman and her heirs moved SC against a Himachal HC judgment in 2016. A bench of Justices Manoj Misra and K V Viswanthan reserved the verdict in March 2025. Writing the judgment, which was delivered Tuesday, Justice Misra said it was incomprehensible that even though the woman took care of her husband till his death in 1992, he would execute a will in 1974 giving away his land to his brother's children. The alleged will also made the false claim that the man's relatives were living with him to take care of him.

# Mahadev app founder Saurabh Chandrakar held in Oman



**New Delhi, Agency:** The founder and prime accused in the Mahadev betting app syndicate, who has been on the run, has been detained in Oman, and India is trying to get him extradited or deported, officials said Wednesday. Sourabh Chandrakar, a Chhattisgarh resident in his 30s, was detained by Royal Oman Police a few weeks ago based on an Interpol Red Notice issued by ED and state police.

ED had previously stated that the Mahadev case involves various high-ranking politicians and bureaucrats from Chhattisgarh and the alleged proceeds of the crime stand at Rs 6,000 crore.Investigators, who have been on his trail as well as app co-founder Ravi Uppal's, said informal inputs suggested Chandrakar was travelling on a passport from a southeast Asian country.

Indian agencies last stated that Chandrakar's location was Dubai, where UAE authorities had detained him in 2024, but he was subsequently released. They claimed Uppal fled from Dubai to Vanuatu, an archipelagic country in South Pacific Ocean.

India and Oman share a good bilateral relationship and officials expressed confidence that they would succeed in extraditing or deporting Chandrakar. Authorities pointed to the recent implementation of a free trade agreement between the two countries on June 1 to boost economic ties. The two-way trade between India and Oman stood at $11.2 billion in 2025-26.

Chandrakar reportedly left for Dubai in 2019. Before that, he used to run a juice shop named 'Juice Factory' with his brother in Bhilai town of Durg district. Chandrakar and Uppal had vehemently denied any association with the alleged racket. In March, ED said it had attached assets worth Rs 1,700 crore, majorly located in Dubai - including in Burj Khalifa - belonging to Chandrakar and his linked entities.

## 12 killed in 2 road accidents in Madhya Pradesh, Karnataka



**New Delhi, Agency:** Twelve people were killed in two road accidents in Karnataka and Madhya Pradesh on Thursday.

Seven people were killed and two seriously injured as a multi-utility vehicle collided head-on with a lorry in Uttara Kannada district in the early hours of Thursday, police said. The accident occurred around 1.30 am near Balagara Cross in the Arabail Ghat section on NH-52 under the limits of Yellapur Police Station, they said. The injured were shifted to a nearby hospital before being referred to KIMS Hospital in Hubballi, they added. According to police, the multi-utility vehicle, carrying nine people, including the driver, was proceeding from Dharwad to Dharmasthala and Chikkamagaluru on a leisure trip. Preliminary information indicated that the driver of the vehicle worked as a part-time delivery executive with a food delivery platform.

Police said the driver, Sanjeev, allegedly drove the vehicle in a rash and negligent manner, veering to the extreme right side of the road before colliding with an oncoming lorry from Ankola. The impact left the multi-utility vehicle mangled. Yellapur police visited the spot, conducted an inspection and shifted the bodies for post-mortem.

# No fruit in fruit candy, no cocoa in chocolate: FSSAI cracks down on misleading labels



**New Delhi, Agency:** That "100% Natural" cream bun may contain preservatives. A "Premium Chocolate" could be made with hydrogenated vegetable fat instead of cocoa butter. And a fruit-flavoured candy may not contain any fruit at all.

In a major crackdown on misleading food labels, the Food Safety and Standards Authority of India (FSSAI) has issued show-cause notices to Lotte India Corporation Pvt Ltd, Ferns N Petals Pvt Ltd and Kubera Foods, alleging that several products carried front-of-pack claims that could mislead consumers about their ingredients and nutritional content. The companies have been asked to explain within seven days why action should not be initiated against them under the Food Safety and Standards Act. AIIMS Delhi dietitian Monita Gehlot said food labels are an important source of information, helping consumers make informed dietary choices. "The information presented on the front of the pack should align with the detailed information provided on the back. Consumers should read the ingredient list, nutrition information, allergen declarations and other mandatory disclosures before making food choices," she said.

Kubera Foods came under scrutiny for marketing its "Soft and Fresh Cream Bun Pineapple" as "100% Natural" and claiming it contained "No Preservatives, Colours & Flavours", even though the label declared preservatives, synthetic colour and added flavouring substances. FSSAI also objected to the use of terms such as "Pure", "Fresh" and "Natural".

Ferns N Petals was served a notice over its "Roasted Almond Chocolate", marketed as "Premium Chocolate".

## UAV crashes during training sortie near Porbandar; no loss of life: Navy



**New Delhi, Agency:** An uncrewed aerial vehicle (UAV) Drishti-10 crashed near Porbandar in Gujarat during a training sortie on Wednesday afternoon, the Indian Navy said. The Navy confirmed that no injuries or loss of life were reported in the incident. "An investigation has been launched to determine the cause of the crash," it said.

Drishti-10 has a gross weight of 1,100 kg, a payload capacity of 450 kg, a wingspan of 15 meters, and a length of 8.3 meters. The incident comes a year and a half after another Drishti-10 UAV crashed off the Porbandar coast in Jan 2025 during pre-acceptance trials for the Indian Army. Designed primarily for intelligence, surveillance and reconnaissance (ISR) missions, the platform combines long endurance, advanced sensors and all-weather operational capability, making it a key asset for India's maritime and border security operations.

# Forces shoot dead 'category A' LeT terrorist Zakir Ganie in J&K



**Srinagar, Agency:** Security forces in J&K shot dead "category A" Lashkar-e-Taiba terrorist Zakir Ganie during a gunfight in Shopian district's Chanapora Wednesday, nearly 10 months after the last such encounter in the region. The joint operation by J&K Police, the Army and CRPF was launched Saturday evening based on intelligence about terrorists hiding in the area, officials said. A senior police officer said Ganie, a resident of Kulgam district, joined Pakistan-based LeT in Dec 2023 and was involved in multiple terror attacks across J&K. "You can run but you can't hide! One Lashkar terrorist neutralised by SOG Shopian in a joint operation with the RR and CRPF," J&K Police wrote on its official X handle. DGP Nalin Prabhat and other senior officers visited the site to take stock. Arms, ammunition and other war-like stores were found at the site, the Army said. Security forces' last encounter with terrorists in south Kashmir took place on Sept 9 last year, when two soldiers and two LeT operatives, one of them a Pakistani, died in a shootout in the Gader forest of Kulgam. The operation in which Ganie was killed coincided with the arrest of three OGWs - short for overground workers of terrorist outfits - in south Kashmir's Anantnag district based on data generated through police's facial recognition system.